# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–242 । सागर, शनिवार, 21 अक्टूबर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए

नौगांव नपा उपाध्यक्ष तिवारी कर सकते हैं साईकिल की सवारी — पृष्ठ 3

- विश्व गुरू शांति प्रयास में पीछे क्यों रह गये?
- मैंगलोर से इंदौर तक स्त्रियों को बांधने की कोशिश — पृष्ठ 4

- कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने आमजन से किया संवाद — पृष्ठ 6

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने रिटर्निंग अधिकारी कार्यालयों का किया निरीक्षण — पृष्ठ 8

सीवर सफाई के दौरान होने वाली मौतों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, कहा-

# मजदूर को देना होगा 30 लाख मुआवजा

- स्थाई रूप से दिव्यांग होने पर 20 लाख देना होगा
- हाथ से मैला ढोने की प्रथा खत्म करें केंद्र-राज्य सरकार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में सीवर सफाई के दौरान होने वाली मौत की घटनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि सरकारी अधिकारियों को मरने वालों के परिजन को 30 लाख रुपए मुआवजा देना होगा। सीवर की सफाई के दौरान कोई सफाईकर्मी स्थायी दिव्यांगता का शिकार होता है तो न्यूनतम मुआवजे के रूप में उसे 20 लाख रुपए दिया जाएगा। वहीं, अन्य दिव्यांगता पर अफसर उसे 10 लाख रुपए तक का भुगतान करेंगे। जस्टिस एस रवींद्र भट और जस्टिस अरविंद कुमार की बेंच ने सीवर सफाई के दौरान होने वाली मौतों को लेकर दायर एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान यह फैसला सुनाया।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हाथ से मैला ढोने की प्रथा पूरी तरह खत्म हो। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट्स को सीवर से होने वाली मौतों से संबंधित मामलों की निगरानी करने से ना रोके जाने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कई निर्देश जारी किए, जिन्हें पढ़ा नहीं गया। पीठ ने निर्देश दिया कि सरकारी एजेंसियों को यह सुनिश्चित करने के लिए समन्वय करना चाहिए कि ऐसी घटनाएं न हों और इसके अलावा उच्च न्यायालयों को सीवर से होने वाली मौतों से संबंधित मामलों की निगरानी करने से न रोका जाए। यह फैसला एक जनहित याचिका पर आया। शीर्ष अदालत ने अपने एक बेहद अहम आदेश में कहा कि सरकारी अथॉरिटी को यह तय करना होगा कि इस तरह की घटना न हो और इस तरह के मामले की निगरानी से हाई कोर्ट को नहीं रोका जा सकता है। 13 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा था कि वह देश भर के राज्यों के सेक्रेटरी के साथ मीटिंग करे और हाथों से मैले की सफाई रोकने को लेकर तमाम पहलुओं पर बातचीत करे। मैन्युअल स्केवेंजर्स (हाथ से मैले की सफाई) को रोकने के लिए कोर्ट ने जल्द से जल्द कदम उठाने को कहा था। सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर हाथ से मैले की सफाई रोकने के लिए अर्जी दाखिल की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने फरवरी में केंद्र सरकार से कहा था कि वह बताए कि इस मामले में बने 2013 के कानून को लागू करने के लिए क्या कदम उठाए हैं। कोर्ट ने कहा था कि केंद्र बताए कि 2014 के सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट के तहत जारी गाइडलाइंस को लागू करने के लिए क्या कदम उठाए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 2014 में एक ऐतिहासिक फैसले में हाथ से (मैन्युल तरीके से) कचरे और गंदगी की सफाई रोकने के लिए तमाम निर्देश जारी किए थे। साथ ही कहा था कि सीवर की खतरनाक सफाई के लिए किसी मजदूर को न लगाया जाए। बिना सेफ्टी के सीवर लाइन में मजदूर को न उतारा जाए। कानून का उल्लंघन करने वालों को सख्त सजा का भी प्रावधान किया गया था।

उच्च न्यायालय ने सरकार को दिया आदेश

## हुकमचंद मिल मजदूरों के मुआवजे की राशि 2 सप्ताह में जमा कराएं

**इंदौर, एजेंसी।** उच्च न्यायालय ने हुकमचंद मिल के मजदूरों के मुआवजे की राशि 2 सप्ताह के भीतर जमा कराने का आदेश राज्य सरकार को दिया है।

राज्य सरकार ने अदालत को बताया कि वह राशि के भुगतान को तैयार है, लेकिन उसे पर्याप्त समय चाहिए। मजदूरों की ओर से इस पर आपत्ति लेते हुए वकील ने तर्क रखा कि मजदूर 32 वर्ष से न्याय के लिए भटक रहे हैं। मंत्रिपरिषद से स्वीकृति मिल चुकी है तो भुगतान में देरी क्यों की जा रही है। अदालत ने वकील का तर्ज सुनने के बाद सरकार को 2 सप्ताह के भीतर मजदूरों के भुगतान के लिए स्वीकृत रकम बैंक में जमा कराने को कहा है। मजदूरों की ओर से पैरवी कर रहे एडवोकेट धीरजसिंह पवार ने बताया कि शुक्रवार को हुई सुनवाई में शासन के वकील ने अदालत को बताया कि सरकार 218 करोड़ रुपये जमा करने को तैयार है, लेकिन इसके लिए पर्याप्त समय दिया जाए। पवार ने इस पर आपत्ति ली और अदालत को बताया कि मजदूर 32 वर्ष से दीपावली नहीं मना पा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि 12 दिसंबर 1991 को हुकमचंद मिल बंद हो गया था। इसके बाद से मिल के 5895 मजदूर और उनके परिजन न्याय के लिए भटक रहे थे। वर्ष 2007 में उच्च न्यायालय ने मजदूरों के पक्ष में 229 करोड़ रुपये मुआवजा तय किया था, लेकिन इसमें से 174 करोड़ रुपये का भुगतान अब तक नहीं हुआ है। इस रकम पर ब्याज का भुगतान भी होना है। 4 अक्टूबर 2023 को हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में सरकार ने मजदूरों के पक्ष में मजदूरों को 218 करोड़ रुपये का भुगतान करने का निर्णय लिया था।

कोविंद समिति के साथ रोडमैप साझा करेगा विधि आयोग

# एक देश, एक चुनाव कराने को लेकर राजनीतिक दलों को लिखा पत्र

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विधि आयोग एक साथ चुनाव कराने के अपने रोडमैप को अगले सप्ताह पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति के साथ साझा करेगा। समिति ने विधि आयोग को 25 अक्तूबर को आमंत्रित किया है, ताकि वह इस बारे में उसकी राय जान सके कि देश में एक साथ चुनाव कैसे कराए जा सकते हैं।

उच्च स्तरीय समिति ने हाल ही में अपनी पहली बैठक में राजनीतिक दलों की राय जानने का फैसला किया था और अब उन्होंने देश में एक साथ चुनाव कराने पर उनकी राय जानने के लिए उन्हें पत्र लिखा है। सूत्रों ने पत्र का हवाला देते हुए कहा कि राजनीतिक दलों को भेजे पत्र में उसने परस्पर सहमति वाली तारीख पर उनके साथ बातचीत की मांग की है। न्यायमूर्ति रितु राज अवस्थी की अध्यक्षता वाला विधि आयोग कार्यकाल बढ़ाकर या घटाकर सभी विधानसभा चुनावों को समन्वित करने के फार्मूले पर काम कर रहा है, ताकि ये चुनाव 2029 के लोकसभा चुनाव के साथ कराए जा सकें। विधि आयोग लोकसभा, विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के लिए एक समान मतदाता सूची सुनिश्चित करने के लिए एक तंत्र तैयार कर रहा है ताकि लागत और मानवशक्ति (मैनपावर) के इस्तेमाल को कम किया जा सके। 2029 से राज्य और लोकसभा दोनों के चुनाव एक साथ कराने के लिए विभिन्न विधानसभा चुनावों को समन्वित करने के लिए आयोग विधानसभाओं के कार्यकाल को कम करने या बढ़ाने का सुझाव दे सकता है। यह सुनिश्चित करने के लिए एक तंत्र तैयार किया जा रहा है कि एक बार लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होने के बाद मतदाता दोनों चुनावों के लिए अपना वोट डालने के लिए केवल एक बार मतदान केंद्र पर जाएं। सूत्रों ने बताया कि चूंकि विधानसभा और संसदीय चुनाव चरणों में होते हैं, इसलिए आयोग यह सुनिश्चित करने के लिए उन तौर-तरीकों पर काम कर रहा है कि मतदाता दोनों चुनावों के लिए एक से अधिक बार मतदान केंद्रों पर न जाएं। उन्होंने कहा कि आयोग का मानना है कि विधानसभा और संसदीय चुनाव एक साथ कराए जा सकते हैं और वह इस विशाल लोकतांत्रिक प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए तौर-तरीकों पर काम कर रहा है।

### राजनीतिक दलों से मांगा गया है समय

समिति द्वारा पार्टियों को भेजे गए पत्र का हवाला देते हुए बताया गया है कि पार्टियों से 'परस्पर सहमत तिथि' मांगी गई है, ताकि उनके साथ इस पर विचार-विमर्श की जा सके। समिति ने पार्टियों को अगले 3 महीनों में अपने विचार लिखित रूप में भेजने का विकल्प दिया है।

## सार-समाचार

### मोदी आज ग्वालियर आएंगे, सिंधिया स्कूल के स्थापना दिवस समारोह में होंगे शामिल



**ग्वालियर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को ग्वालियर आएंगे। श्री मोदी इस दौरान सिंधिया स्कूल के स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, नरेंद्र सिंह तोमर, जितेंद्र सिंह, सिंधिया स्कूल के चेयरमैन शामिल रहेंगे। इसके साथ ही सिंधिया स्कूल से ही निकले कई प्रमुख लोग इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। बताया गया कि श्री मोदी शनिवार शाम साढ़े 4 बजे ग्वालियर पहुंचेंगे। स्थापना दिवस समारोह में सिंधिया स्कूल के पूर्व छात्र पार्श्व गायक नितिन मुकेश सहित मीत ब्रदर्स भी शामिल होंगे। समारोह में विद्यार्थियों और अतिथियों सहित करीब 5 हजार लोग मौजूद रहेंगे।

### वर्ष का अंतिम चंद्रग्रहण 28 अक्टूबर को

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्ष 2023 का अंतिम चंद्रग्रहण 28-29 अक्टूबर की रात को शरद पूर्णिमा को लगेगा और यह भारत में आंशिक रूप से दिखाई देगा। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि 28 अक्टूबर की आधी रात को चंद्रमा उपछाया में प्रवेश करेगा और ग्रहण की अवधि 29 अक्टूबर के शुरुआती घंटे होगी। ग्रहण मध्यरात्रि के आसपास भारत के सभी भागों में दिखाई देगा। इसके साथ चंद्रग्रहण पश्चिमी प्रशांत महासागर, ऑस्ट्रेलिया, एशिया, यूरोप, अफ्रीका, पूर्वी दक्षिण अमेरिका, उत्तर-पूर्वी अमेरिका, अटलांटिक महासागर, हिंद महासागर तथा दक्षिण प्रशांत महासागर के क्षेत्रों से दिखाई देगा। उल्लेखनीय है कि भारत में दिखाई देने वाला अगला चंद्र ग्रहण सात सितंबर 2025 को होगा और यह पूर्ण चंद्र ग्रहण होगा।

### संजय सिंह की याचिका खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने 20 अक्टूबर को आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह की याचिका खारिज कर दी। संजय को ईडी ने दिल्ली शराब नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्हें ट्रायल कोर्ट में पेश किया गया, कोर्ट ने उन्हें श्ष्ठ की रिमांड में भेज दिया गया था। संजय सिंह ने मामले में गिरफ्तारी और ईडी की दी गई रिमांड को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

### विध्वंसक जहाज इम्फाल नौसेना के बेड़े में शामिल

**मुंबई, एजेंसी।** रक्षा मंत्रालय के अधीन काम करने वाली संस्था-शिपयार्ड मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने नौसेना के लिए विध्वंसक पोत तैयार किया है। प्रोजेक्ट 15 बी क्लास गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर का तीसरा स्टील्थ डिस्ट्रॉयर-इम्फाल नौसेना को सौंप दिया गया है। नौसेना ने एक बयान में कहा कि जहाज का निर्माण स्वदेशी स्टील डीएमआर 249 का उपयोग करके किया गया है। इसे भारत में निर्मित सबसे बड़े विध्वंसक जहाजों में से एक बताया जा रहा है। इसकी कुल लंबाई 164 मीटर है। इम्फाल का डिस्प्लेसमेंट 7500 टन से अधिक है। यानी समुद्र में जहाज परिचालन के दौरान इतनी मात्रा में पानी का विस्थापन होगा।

### मिजोरम के लिए भाजपा की स्टार प्रचारकों की सूची जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मिजोरम विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। 40 स्टार प्रचारकों की सूची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित समेत कई अन्य प्रचारक शामिल हैं। मिजोरम में सात नवंबर को मतदान होगा।

### सरकार, भाजपा के प्रचार में सेना का इस्तेमाल गलत : कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता कर्नल (अवकाश प्राप्त) रोहित चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार अपनी उपलब्धियों के प्रचार के लिए सेल्फी प्वाइंट बनाने में सेना के जवानों का इस्तेमाल कर रही है जो अनुचित और पूरी तरह से गलत है। कर्नल चौधरी ने आज यहां कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सेना का काम देश की सेवा करना है और किसी भी सरकार को अपनी उपलब्धियों के प्रचार के लिए उसका इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। सेना का काम सरकार और भाजपा का प्रचार करना नहीं है।

तेलंगाना की चुनावी रैली में राहुल का दावा

# बीआरएस को उखाड़ फेकेंगे



- भाजपा, बीआरएस व एआईएमआईएम मिले हुए हैं
- सोनिया की मदद के बिना नहीं बन पाता तेलंगाना

**हैदराबाद, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि साल 2004 में कांग्रेस ने आपसे तेलंगाना बनाने का वादा किया था। सोनिया गांधी ने तेलंगाना बनाने में आपकी पूरी मदद की। मैं यह भी कह सकता हूं कि अगर सोनिया गांधी ने तेलंगाना की मदद नहीं की होती तो तेलंगाना बनता ही नहीं। राज्य के एक परिवार के पास सारा पैसा जाता है, आपका सारा पैसा केसीआर परिवार को मिलता है। पिछले 10 साल केसीआर ने आपसे पैसा लूटा है। मैं आपको बता रहा हूं, जितने रुपए केसीआर ने आपसे लूटे हैं, उतने रुपए हम आपको वापस देने जा रहे हैं।

राहुल गांधी ने तेलंगाना में अंबेडकर स्टेच्यू सर्कल से लोगों को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। राहुल ने जगतियाल में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि तेलंगाना में कांग्रेस के बब्बर शेरों की सरकार होगी। यहां की जनता की सरकार होगी। कांग्रेस के बब्बर शेर बीआरएस की सरकार को उखाड़ फेकेंगे। तेलंगाना के सपने को पूरा करने के लिए पहला कदम जाति आधारित गणना है। मोदी और सीएम केसीआर यहां जाति जनगणना नहीं करवाना चाहते हैं। कांग्रेस तेलंगाना का इस सपने को पूरा करके दिखाएगी। मैंने लोकसभा में जाति जनगणना की बात उठाई। लेकिन प्रधानमंत्री ने मेरे सवालों का जवाब नहीं दिया। राहुल ने कहा कि तेलंगाना में भाजपा, बीआरएस और एआईएमआईएम पार्टी मिली हुई है। हम जहां भी चुनाव लड़ते हैं, वहां भाजपा की मदद करने के लिए एआईएमआईएम अपने उम्मीदवार खड़े कर देती है। राहुल गांधी ने एक चुनावी रैली में कहा कि अगर कांग्रेस तेलंगाना में सत्ता में आई तो हल्दी किसानों को 12,000 रुपये से 15,000 रुपए प्रति क्विंटल दाम मिलेगा। तेलंगाना में किसानों को उनकी किसी भी फसल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से प्रति क्विंटल 500 रुपए अधिक मिलेंगे। देश के 90 अफसरों में सिर्फ 3 अफसर ओबीसी वर्ग के हैं, जो देश का केवल 5 प्रतिशत बजट कंट्रोल करते हैं। क्या देश में ओबीसी की अबादी सिर्फ 5 फीसदी है। मोदी आपको ये सच्चाई नहीं बताना चाहते हैं, क्योंकि वह आपकी जेब से पैसा निकालकर अडानी जैसे लोगों की जेब में डालते हैं।

मोदी ने साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक चलने वाली ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

# देश को मिली पहली रैपिड रेल की सौगात

**गाजियाबाद, देशबन्धु।** देश को शुक्रवार को पहली रैपिड रेल रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम की सौगात मिल गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले चरण के तहत साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक चलने वाली ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने उसमें सफर भी किया। मोदी स्कूली बच्चों से बातचीत करते हुए नजर आए वहीं, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि जिसका शिलान्यास हम करते हैं, उसका उद्घाटन भी हम ही करते हैं। मोदी ने कहा कि आज पूरे देश के लिए ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने कहा कि मुझे छोटे सपने देखने की आदत नहीं, न ही मरते-मरते चलने की। शुक्रवार को भारत की पहली रैपिड रेल सेवा 'नमो भारत' ट्रेन राष्ट्र को समर्पित हुई है। इस दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी मौजूद रहीं। शनिवार से आम नागरिक इस ट्रेन से यात्रा कर सकेंगे। इस रूट पर चलने वाली ट्रेनों को 'नमो भारत' का नाम दिया गया है। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कल इसका नाम बदलने की घोषणा की थी।



### मोदी ने भी की यात्रा

दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस गलियारे का पहला चरण 17 किलोमीटर लंबा है। यानी अभी यात्री गाजियाबाद के साहिबाबद से दुहाई डिपो तक यात्रा कर सकेंगे। साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक का ट्रेन किराया 50 रुपए रखा गया है। वहीं, प्रीमियम कोच के लिए 100 रुपए चुकाने होंगे।

### हर 15 मिनट में मिलेगी नमो भारत ट्रेन

अब यह ट्रेन हर 15 मिनट में उपलब्ध होगी, लेकिन आगे के स्टेशनों के विस्तार के बाद इस ट्रेन का परिचालन हर 5-5 मिनट में किया जाएगा। इस गलियारे का निर्माण 30 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत से किया जा रहा है। यह ट्रेन गाजियाबाद, मुरादनगर और मोदीनगर से गुजरते हुए एक घंटे से भी कम समय में दिल्ली से मेरठ पहुंच जाएगी।

229 प्रत्याशियों में 62 फीसदी टिकट पिछड़ों को दिए

# मप्र में कांग्रेस ने 30 महिलाओं को दिया टिकट

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने उम्मीदवार घोषित करने के मामले में बाजी मार ली है। राज्य की 230 विधानसभा सीटों में से 229 के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी गई है। पार्टी ने पिछड़े वर्ग के 62, अनुसूचित जाति के 34 और अनुसूचित जनजाति के 48 लोगों को टिकट दिया है। इनमें महिला उम्मीदवारों की संख्या 30 है। इस तरह लगभग 14 फीसदी महिलाओं को कांग्रेस ने उम्मीदवार बनाया है। घोषित उम्मीदवारों में 99 उम्मीदवार 50 वर्ष से कम और 178 उम्मीदवार 60 वर्ष से कम आयु के हैं।

दरअसल, राज्य में कांग्रेस हो या भाजपा, दोनों ही महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने की वकालत करते आए हैं। मगर कांग्रेस की जो सूची आई है, उसमें महिलाओं को उम्मीदवार बनाए जाने का प्रतिशत 14 है। कांग्रेस ने पहली सूची में 144 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया था, जिसमें महिला उम्मीदवारों की संख्या 19 थी। कांग्रेस की दूसरी सूची 88 उम्मीदवारों की आई है, जिनमें तीन उम्मीदवारों में बदलाव किया गया है। इसमें महिला उम्मीदवारों की संख्या 11 है। इस तरह राज्य की 229 विधानसभा सीटों के लिए घोषित उम्मीदवारों में महिलाओं की संख्या 30 है। कांग्रेस की दूसरी सूची में जिन 11 महिला उम्मीदवारों के नाम हैं, उनमें चार बुंदेलखंड से हैं। यह हैं, बीना से निर्मला सप्रे, खुरई से रक्षा राजपूत, रहली से ज्योति पटेल, सागर से निधि जैन, बांधवगढ़ से सावित्री सिंह, गाडरवारा से सुनीता पटेल, कुरवाई से रानी अहिरवार, सारंगपुर से कला महेश मालवीय, नेपानगर से गेंदु बाई चैहान, धार से प्रभा गौतम और धोहनी से कमलेश सिंह को उम्मीदवार बनाया है।

### कांग्रेस ने जमीनी कार्यकर्ताओं को मौका दिया



मध्यप्रदेश में पार्टी ने जमीनी नेता और कार्यकर्ताओं को चुनाव लड़ने का मौका दिया है। वहीं भगदड़ से जूझ रही भाजपा ने दिल्ली के चेहरों को प्रदेश के मैदान में उतारा है। वहीं कांग्रेस ने टिकट वितरण में सामाजिक समीकरण और लैंगिक समानता का ध्यान रखा है। वहीं अनुभव और युवाओं को पूरा मौका दिया गया है।

विधानसभा चुनाव में नाते रिश्तेदार एक-दूसरे के सामने ठोक रहे ताल

# जेठ-बहू से लेकर चाचा-भतीजा आमने-सामने


**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में नाते रिश्तेदार भी एक-दूसरे के सामने ताल ठोकते नजर आ रहे हैं, कहीं जेठ और बहू आमने-सामने हैं तो कहीं चाचा और भतीजे के बीच मुकाबला है। राज्य की 230 विधानसभा सीटों के लिए 17 नवंबर को मतदान होने वाला है।

दोनों प्रमुख राजनीतिक दल कांग्रेस तथा भाजपा अपने-अपने उम्मीदवारों के नाम को अंतिम रूप दे रही है। कांग्रेस तो 229 स्थान के लिए उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर चुकी है। वहीं, भाजपा अब तक 136 विधानसभा क्षेत्र के लिए ही उम्मीदवार तय कर पाई है। राज्य में वर्तमान में जो स्थिति उभर रही है, उसमें सागर में सबसे रोचक मुकाबला नजर आ रहा है क्योंकि यहां पर भाजपा ने शैलेंद्र जैन तो वहीं कांग्रेस ने निधि सुनील जैन को मैदान में उतारा है। दोनों के रिश्ते को देखें तो शैलेंद्र जेठ हैं तो वहीं निधि उनके छोटे भाई की पत्नी हैं। कुल मिलाकर यहां मुकाबला जेठ और बहू के बीच है।

इसी तरह देवतालाब में भी रोचक मुकाबला है, जहां विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम को भाजपा ने अपना उम्मीदवार बनाया है तो उनके मुकाबले में भतीजे पद्मेश गौतम पर कांग्रेस ने दावा लगाया है। नाते रिश्तेदारों के बीच मुकाबला पर गौर करें तो डबरा में समधी और समधन के बीच मुकाबला है। यहां भाजपा ने जहां पूर्व मंत्री इमरती देवी को मैदान में उतारा है तो कांग्रेस से विधायक सुरेश राजे चुनाव लड़ रहे हैं। यहां से वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में भी यही मुकाबला था और कांग्रेस के सुरेश राजे जीत हासिल करने में सफल हुए थे। राज्य के विधानसभा चुनाव के लिए अभी सभी उम्मीदवार घोषित होने के बाद और भी कई रोचक मुकाबले नजर आने वाले हैं क्योंकि भाजपा की ओर से अभी 94 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान शेष रह गया है।

## सार-समाचार

### माही डिलाइट का किया औचक निरीक्षण



**दमोह, देशबन्धु।** डीओ खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी दमोह माधवी बुधौलिया ने बालाकोट रोड सोफिया स्कूल के पास स्थित माही डिलाइट का औचक निरीक्षण किया। उक्त रिटेल किराना स्टोर से ग्राहकों को एक्सपायरी डेट/बेस्ट बिफोर डेट के बाद की खाद्य सामग्री को बेचने की शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करते हुए माही डिलाइट का निरीक्षण किया गया जिसमें मौके पर रिटेल स्टोर में एक्सपायरी डेट/बेस्ट बिफोर डेट के बाद की लगभग 3.9 किलो खाद्य सामग्री जिसमे 16 पैकेट 140 ग्राम बीकाजी ब्रांड भेलपुरी मिक्स, 23 पैकट 22 ग्राम मात्रा के किसान जैम एवं 31 पैकेट 40 ग्राम मात्रा के हल्दीराम मूंगफली संग्रहित पाई गई, जिसका बाजार मूल्य लगभग 1554 रुपए है। उक्त खाद्य सामग्री को नियमानुसार जब्त किया गया है। रिटेल स्टोर संचालक को परिसर में एक्सपायरी डेट/बेस्ट बिफोर डेट के बाद की किसी भी प्रकार की खाद्य सामग्री का भंडारण एवं विक्रय नहीं करने के निर्देश दिए।

### एक साथ 9 देवी प्रतिमाएं विराजी, लगा तांता



**मालथौन, देशबन्धु।** नगर में नवरात्रि महोत्सव पर धर्ममय माहौल छाया हुआ है चारो तरफ भक्त मां जगत जननी की आराधना मग्न हैं। नगर के बाजार प्रांगण में 9 देवी प्रतिमाएं विराजमान है जहां भक्तों का शाम को दर्शनों एवं आरती में जनसैलाब उमड़ रहा हैं।

# एडीआरएम ने किया रेलवे स्टेशन का निरीक्षण, गंदगी देख अधिकारियों को लगाई फटकार



**बीना, देशबन्धु।** एडीआरएम योगेश कुमार सक्सेना ने बीना रेलवे स्टेशन पहुंचकर यात्री सुविधाओं का जायजा लिया तो वहीं दुर्घटना राहतयान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जगह-जगह गंदगी को देखकर उन्होंने स्थानीय अधिकारियों को फटकार लगाई। इसके साथ ही स्टेशन प्रबंधक को सफाई ठेकेदार पर पैनाल्टी लगाने का आदेश दिया है। प्लेटफार्म नंबर तीन से होते हुए वह लोको शेड पहुंचे, जहां उन्होंने दुर्घटना राहत यान का निरीक्षण किया। स्टाफ के साथ उन्होंने एक-एक उपकरण को बारीकी से देखा। इस दौरान उन्होंने स्टाफ को आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने रनिंग रूम का भी निरीक्षण किया। एडीआरएम ने लोको पायलट से सुविधाओं को लेकर चर्चा की। निरीक्षण के दौरान खामियां मिलने पर उन्होंने सुधार के निर्देश दिए। करीब दो घंटे लोको शेड में निरीक्षण के बाद वह वापस स्टेशन पर पहुंचे। एप्रेन पर गंदगी देख उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। इस दौरान स्थानीय अधिकारियों ने उन्हें बताया कि वह सफाई के लिए लगातार सफाई ठेकेदार को पत्र लिख रहे हैं, लेकिन वह सफाई पर ध्यान नहीं दे रहे हैं, इसके चलते उन्होंने ठेकेदार पर पैनाल्टी लगाने का आदेश दिया है। निरीक्षण के बाद वह भोपाल के लिए रवाना हो गए।

### एक साल से नहीं किया गया भुगतान

बीना रेलवे स्टेशन की सफाई व्यवस्था काफी लंबे समय बिगड़ी हुई है। निरीक्षण के दौरान भी स्टेशन की सफाई व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया गया। प्लेटफार्म के साथ-साथ एप्रेन पर भारी गंदगी थी। स्टेशन की सफाई व्यवस्था को लेकर ठेकेदार के कर्मचारियों से बात की, तो उन्होंने बताया कि करीब एक साल से रेलवे ने बिलों का भुगतान नहीं किया है, जिससे सफाई व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित है।

## बीजासेन माता का मंदिर बना आकर्षण का केंद्र



### छोटे सी मढिया से लिया भव्य विशाल मंदिर का रूप

**टड़ा, देशबन्धु।** ग्राम के मध्य में विराजित मां बीजासेन माता मंदिर में शारदीय नवरात्रि के पर्व के चलते माता के दरबार में श्रद्धालुओं की काफी अधिक भीड़भाड़ देखी जा रही, नवरात्रि के समय मंदिर की आरती बहुत ही भव्य होती, ढोल नगाड़े, डमरू झालर आदि से बहुत ही विधिवत तरीके से की जाती है, आरती को देखने के लिए दूर-दूर से लोग देखने आते है, मान्यता हैं की माता के दरबार में मांगी हुई हर मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है, हजारों महिलाओं की गोदी भरी गई, मंदिर की साज सज्जा भी बहुत ही सुंदर तरीके से की जाती है मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया जाता है। मां जगत जननी के विभिन्न स्वरूपों के दर्शन मिलते हैं। बीजासेन माता क्षेत्र में कई लोगों की कुलदेवी के रूप में भी पूजी जाती हैं सुबह से ही माता के दरबार में काफी अधिक सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़भाड़ देखी गई है। सुबह से विशेष पूजा-पाठ और दुर्गा पाठ का अनुष्ठान होता है, माता से मांगी हुई मनोकामना पूर्ण होने पर मंदिर के निर्माण में सहयोग भी करते हैं। यहां प्रति वर्ष जवारे भी लगाए जाते हैं, जिनको नवमी को विसर्जित किए जाते हैं। शारदीये नवरात्रि के अवसर पर यहां पर कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। माता का दरबार की विशेष रूप से देख समिति के सदस्यों के द्वारा ही होती है, मंदिर के निर्माण में सहयोग समिति के सदस्यों से संभव हो पाया है, समिति के सदस्य निःशुल्क रूप से अपना अमूल्य समय माता के लिए देते हैं।

## खाद नहीं मिलने से किसानों ने बेलई-भानगढ़ रोड़ पर लगाया जाम



**बीना, देशबन्धु।** बिहरना गोदाम से खाद नहीं मिलने से गुस्साये किसानो ने बेलई-भानगढ़ रोड़ पर जाम लगा दिया। जाम की सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार और भानगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और आश्वासन के बाद जाम समाप्त कराया। बीना के बिहरना में इन दिनों खाद का वितरण किया जा रहा है, लेकिन किसानों को यहां काफी परेशान होना पड़ रहा है। यहां फैली अनियमितताओं के कारण किसान आए दिन परेशान हो रहा है। किसानों ने खाद न मिलने से नाराज होकर बेलई-भानगढ़ सड़क पर जाम लगा दिया। इसके बाद नायब तहसीलदार और भानगढ़ पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर किसानों को समझाइश देकर जाम खुलवाया। काफी देर तक जब किसानों को खाद नहीं मिला तो किसानों ने जाम लगा दिया। जाम की सूचना मिलते ही अधिकारी सकते में आ गये। इसके बाद आश्वासन देकर जाम खुलवाया गया। इसके कुछ देर बाद में ही खाद आ गया था। किसान विकास सेन ने बताया कि कई घंटों के बाद भी जब खाद नहीं मिला तो सभी किसानों ने जाम लगा दिया। खाद के लिए कई बार आने के बाद भी खाद नहीं मिल रहा है।

## जिले से 18-19 वर्ग के 65,142 के साथ कुल 17 लाख 82 हजार 861 मतदाता

**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन के दौरान जिले से 18 से 19 आयु वर्ग के 65 हजार 142 मतदाताओं के साथ कुल 17 लाख 82 हजार 861 मतदाता लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होंगे। इन मतदाताओं में से 9 लाख 37 हजार 823 पुरुष, 8 लाख 45 हजार 7 महिलाएं एवं 31 थर्ड जेंडर शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि सागर जिले की आठ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बीना, खुरई, सुरखी, देवरी, रहली, नरयावली, सागर तथा बंडा में 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाता 24 हजार 11 तथा दिव्यांग मतदाता 11 हजार 704 हैं। जिले में जेंडर रेशो 901, ईपी रेशो 64.66 है, जबकि सर्विस वोटर की संख्या 1 हजार 40 है। जिले में कुल 2 हजार 118 मतदान केंद्रों पर आगामी 17 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। जिसमें बीना विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 232, खुरई में 253, सुरखी में 271, देवरी में 255, रहली में 300, नरयावली में 268, सागर में 248 तथा बंडा विधानसभा क्षेत्र में 291 मतदान केंद्र हैं। 2 हजार 118 कुल मतदान केंद्रों में शहरी मतदान केंद्र 710 जबकि ग्रामीण मतदान केंद्र की संख्या 1 हजार 408 हैं। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चुनाव के दौरान ऑल वुमेन मैनेज मतदान केंद्र तथा दिव्यांग मतदान केंद्र भी स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ ही ऑल यूथ मैनेज मतदान केंद्र भी बनाए जाएंगे, जहां सभी मतदान कर्मी 18 से 25 आयु वर्ग के रहेंगे। मतदान केंद्रों में कुछ आदर्श मतदान केंद्र के रूप में भी विकसित किये जा रहे हैं।

**9 लाख 37 हजार 823 पुरुष, 8 लाख 45 हजार 7 महिलाएं एवं 31 थर्ड जेंडर करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग**

## पुलिस और सीआईएसएफ के जवानों ने नगर में निकला फ्लैग मार्च



**शाहगढ़, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस विभाग की ओर से फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बंडा एसडीओपी शिखा सोनी के निर्देश पर निकले प्लेग मार्च में शामिल सीआईएफएस के जवान, पुलिस के आला अधिकारी और पुलिस थाना पुलिस को सड़कों पर देखकर लोग अचंभित रह गए। अफसरों ने लोगों से चुनावी माहौल में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। स्पष्ट कहा कि किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए फोर्स तैयार है। बंडा एसडीओपी शिखा सोनी थाना प्रभारी अर्चना सिंह सहित चौकी प्रभारी बराज, हीरापुर के पुलिस कर्मियों और सीआईएसएफ जवानों ने शहर में पैदल मार्च किया। पुलिस और जवानों ने शहर भर में घूमकर गतिविधियों का जायजा लिया। साथ ही किसी भी प्रकार की अप्रिय सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने की सलाह दी। अफसरों ने लोगों को पूर्ण रूप से सुरक्षा का भरोसा दिलाया। थाना प्रभारी ने बताया कि विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के व्यापक बंदोबस्त किये गए हैं। आमजन में सुरक्षा की भावना बनाए रखने और प्रशासन पर भरोसा कायम रखने के लिए पुलिस और सीआईएसएफ की टीम फ्लैग मार्च निकाल रही है। किसी भी व्यक्ति को कानून हाथ में लेने नहीं दिया जाएगा। कानून की अवहेलना करने वाले के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर भ्रामक सामग्री पोस्ट न करें।

## पंचबालयती मंदिर के पंचकल्याणक के प्रमुख पात्रो का चयन



**सागर, देशबन्धु।** श्री मज्जिनेंद्र पंचकल्याणक जिनबिंब प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्वशांति महायज्ञ पंचबलायती दिगम्बर जैन मंदिर के पंचकल्याणक के प्रमुख पात्रो का चयन मुनिश्री अजितसागर एवं निर्दोष सागर के ससंघ सानिध्य में ब्रम्हचारी अरूण भैया, संजीव भैया कटंगी की उपस्थिति में हुआ। महोत्सव में माता पिता बनने का सौभाग्य नाभिराय सुकुमाल जैन मां मरुदेवी सुलेखा जैन को मिला। सौधर्म इंद्र अशोक संगीता पड़ेले, कुबेर इन्द्र इंजी. कैलाश चंद जैन आशा जैन, महायज्ञ नायक राजेश कुमार जैन अर्चना जैन, यज्ञ नायक राकेश कुमार जैन अनीता जैन साहित्यचार्य परिवार, भरत चक्रवर्ती अनुराग सेठ अनुभा जैन, बाहुबली शरद जैन नीलम जैन को बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में संतोष जैन घड़ी, श्रेयांश जैन, संतोष बिलहरा, सुरेंद्र डबडेरा, अशोक पिडरूआ, सचिन जैन, भरत जैन आदि शामिल हुए।

## जिले की सीमा पर वाहनों की चेकिंग कार्य जारी

**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आगामी 17 नवम्बर को होने वाले मतदान के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य द्वारा जिले में एसएसटी चेक पोस्ट बनाये गये हैं। उल्लेखनीय है कि जिले में स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान के लिए अवैध शराब, नगदी, मादक पदार्थ एवं अन्य संदिग्ध वस्तुओं की आवाजाही पर नजर रखी जा रही है।



## अधिवक्ता संघ का चुनाव संपन्न, जमील कुरैशी बने तीसरी बार अध्यक्ष

**गढ़ाकोटा, देशबन्धु।** शुक्रवार को अधिवक्ता संघ का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें निर्वाचन अधिकारी अब्दुल फारुख खान नोटरी अधिवक्ता सहायक निर्वाचन अधिकारी जागेश्वर चौदहवां एवं न्यायालय पदस्थ पीठासीन अधिकारी आशीष धुर्वे एवं पल्लवी सिंह की उपस्थिति में चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद पर जमील कुरैशी विजय हुए, उपाध्यक्ष पद पर विनोद पटेल, सचिव पद पर डीपी लडिया कोषाध्यक्ष पद बहराम खान, पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर राजाराम कोरी, महासचिव पद पर खेमचंद कुर्मी निर्वाचित हुए। अध्यक्ष पद पर जमील कुरैशी लगातार तीसरी बार विजय हुए। जमील कुरैशी इस चुनाव में कुल 62 मत अधिवक्ता संघ द्वारा डाली गई जिसमें जमील कुरैशी को 39 मत प्राप्त हुए और महेंद्र शर्मा को 21 मत प्राप्त हुए दो मत रिजेक्ट हुई इसी तरह जमील कुरैशी 18 वोटो से विजय हुए। सभी वकीलों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामना दी गई। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के गोपाल पाटस्कर, अरुण मिश्रा, राजेंद्र कुमार चौबे, मनोज हजारी, श्यामू गुप्ता सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता संघ के लोग उपस्थित रहे।



**मकरोनिया, देशबन्धु।** शुक्रवार को नगर पालिका परिषद मकरोनिया क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न वार्डों में मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए मतदाता हस्ताक्षर अभियान चलाया गया एवं हस्ताक्षर के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया।

## मतदाता जागरुकता अभियान के तहत हुई प्रतियोगिताये

**बिलहरा, देशबन्धु।** नगर परिषद बिलहरा द्वारा शुक्रवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलहरा में मतदाता जागरुकता अभियान के तहत रंगोली, मेहंदी एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।




जिसमें विद्यालय की छात्राओं के द्वारा सहभागिता की गई एवं नगरीय निकाय क्षेत्र के नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष कमलेशरानी रमेश चढ़ार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश कुमार खटीक, उपयंत्री सुनील कुमार, अकाउंटेंट रामू यादव, अनुज मिश्रा, संदीप ठाकुर, प्रदीप चौबे, नरेंद्र ठाकुर, योगेश पटेल, अभिजीत आदि सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## जिस धागे की गांठ खुल सकती है उस पर कैंची मत चलाईयेः मुनिश्री



**मकरोनिया, देशबन्धु।** जीवन का विवेक यही सिखलाता है कि जिस धागे की गांठ खुल सकती है उस पर कैंची मत चलाईये यह बात मुनिश्री सुदत्तसागर ने अंकुर कॉलोनी स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही मुनि श्री ने कहा घमंड, अहंकार, गर्व और मान यह मनुष्य के शत्रु है। जब किसी से विवाद होता है तब कहते हैं मान जाओ, मान जायेगा, मान गया। बस मान मतलब अहंकार गया। सब विवाद समाप्त इसलिए अहंकार के कारण सारी लड़ाई है, विवाद है, इनसे बचो, ओंकार में जिओ, अहंकार को गारव कहते हैं शब्द गारव, वृद्धि गारव और सात गारव यह तीन प्रकार का है। वर्ण के उच्चारण का अहंकार करना शब्द गारव कहलाता है। शिष्य, पुस्तक, कमंडल, पिच्छी, पाटा आदि के कारण अपने को बड़ा प्रगट करना ऋद्धि गारव है। भोजन पान आदि से उत्पन्न सुख से मस्त होकर मोह मत करना। सात गारव है, इन सब को छोड़ो, यह सब संसार में डुबाने वाले हैं। क्षुल्लक श्री चंद्रदत्त सागर ने कहा की कभी भी किसी के कार्य में रोक मत लगाओ जिस कार्य के उदय से स्व और पर के उपकार में विघ्न उत्पन्न होता है उसे अंतराय कहते हैं।

### माताजी के सानिध्य में अभिषेक, शांतिधारा

**राहतगढ़, देशबन्धु।** नगर के गंज के जैन मंदिर में चातुर्मास कर रही आर्यिका श्री अनंतमति माताजी ससंघ के सानिध्य में विदिशा तिराहा स्थित श्री 1008 संभवनाथ जिनालय में श्रद्धालुओं ने विशेष पूजन कर भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन किया। माताजी की आहारचर्या को सौभाग्य महेंद्र कुमार अमित कुमार जैन के यहां हुई। इस मौके पर जैन समाज अध्यक्ष राजेश कुमार जैन, संतोष कुमार जैन, महेंद्र कुमार सहित सकल दिगंबर जैन समाज के महिलाये, पुरुष, बच्चे बड़ी संख्या में मौजूद थे।



**बीना, देशबन्धु।** शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन थाना बीना क्षेत्र में सीआईएसएफ के बल के साथ अनुविभागीय कार्यपालक दण्डाधिकारी बीना देवेन्द्र प्रताप सिंह एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बीना प्रशांत सिंह सुमन, तहसीलदार बीना सुनील शर्मा एवं थाना प्रभारी बीना भरत सिंह ठाकुर एवं स्टाफ द्वारा थाना परिसर बीना से फ्लैग मार्च निकाला गया जो सर्वोदय चौराहा, अम्बेडकर चौराहा, कटरा मंदिर प्रताप वार्ड, इटावा, कच्चा रोड, नरसिंह मंदिर, शिवाजी वार्ड, झांसी फाटक, मस्जिद वार्ड, राम वार्ड, बड़ी बजरिया, महावीर चौक, गांधी चौक से सर्वोदय चौक होते हुए वापस थाना एवं ग्रामीण क्षेत्र एवं चौकी नई बस्ती क्षेत्र के क्रिटिकल मतदान केन्द्रों ग्राम किर्रावदा, पड़रिया, धनौरा एवं बेलई के संवेदनशील स्थलों का पैदल भ्रमण किया।

# नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

### पीड़िता के मुकरने के बाद भी वैज्ञानिक साक्ष्य के आधार पर हुई दोष सिद्धि

**सागर, देशबन्धु।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पाक्सों एक्ट 2012 नीलम शुक्ला जिला सागर की अदालत ने दोषी करार देते हुये भादवि की धारा. 376(1) के तहत 10 वर्ष सश्रम कारावास एवं पांच हजार रूपये अर्थदण्ड तथा एससी/एसटी एक्ट की धारा 3 (1)(डब्ल्यू)(आई) के तहत तीन वर्ष सश्रम कारावास एवं पांच सौ रूपये अर्थदण्ड, धारा. 3(2)(व्ही) के तहत आजीवन सश्रम कारावास एवं पांच हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया। न्यायालय द्वारा बालिका के लिये उसे क्षतिपूर्ति के रूप में युक्तियुक्त प्रतिकर 400000 रूपये दिये जाने का आदेश दिया गया। मामले की पैरवी प्रभारी उप संचालक अभियोजन धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी रिपा जैन ने की। प्रकरण में पीड़िता ने न्यायालयीन साक्ष्य के दौरान घटना का समर्थन नहीं किया परंतु प्रकरण में डीएनए रिपोर्ट पॉजीटिव प्राप्त हुई। न्यायालय ने वैज्ञानिक साक्ष्य एवं अन्य साक्षियों के साक्ष्य के आधार पर अपराध को अभियुक्त के विरूद्ध प्रमाणित पाया। इस प्रकार है कि शिकायतकर्ता पीड़िता के पिता ने 25 जून 2021 को थाना बांदरी में इस आशय की रिपोर्ट लेख कराई कि पीड़िता शाम करीब 7 बजे शौच का कहकर घर से गई थी जो करीब एक घंटे तक वापस घर नहीं आई जिसकी तलाश आसपास करने एवं दूसरे दिन रिश्तेदारी में पता करने पर कोई पता नहीं चला। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पीड़िता को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने की शंका व्यक्त की। 4 अगस्त 2021 को पीड़िता के दस्तयाब होने पर उसने अपने कथन में बताया कि अभियुक्त उसे बहला फुसलाकर भगाकर ले गया और उसके साथ जबरजस्ती गलत काम किया। उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाने पर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया, थाना बांदरी द्वारा विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया।

### नाबालिग से जबरन दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 10 वर्ष का सश्रम कारावास

**सागर, देशबन्धु।** नाबालिग के साथ जबरन दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त शिवम उर्फ शुभम पिता राजा वासुदेव को द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश देवरी जिला सागर की अदालत ने पाक्सों एक्ट की धारा. 3/4 के अंतर्गत दोषी करार देते हुये भादवि की धारा. 376 (2) के तहत 10 वर्ष सश्रम कारावास एवं पांच हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया। न्यायालय द्वारा बालिका को क्षतिपूर्ति के रूप में युक्तियुक्त प्रतिकर 100000 रूपये दिये जाने का आदेश दिया गया। मामले की पैरवी प्रभारी उप संचालक अभियोजन धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी वृंदा चौहान ने की। घटना इस प्रकार है कि शिकायतकर्ता पीड़िता ने थाना देवरी में इस आशय की रिपोर्ट लेख कराई कि 15 फरवरी 2018 को दिन में लगभग 3.30 बजे पीड़िता पानी भरने जा रही थी, तभी अभियुक्त उसे रास्ते में मिला और उसका रास्ता रोककर जबरदस्ती उसका हाथ पकड़कर अपने दोस्त के घर के अंदर ले गया। उस समय घर में कोई नहीं था। अभियुक्त ने पीड़िता को घर के अंदर ले जाकर उसके साथ जबजस्ती दुष्कर्म किया। घटना उपरांत पीड़िता ने अपने घर आकर अपनी मां को पूरी घटना बताई उसके बाद वह थाने पर रिपोर्ट कराई आई। उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाने पर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया, महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित कर थाना देवरी द्वारा विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया।

## सार समाचार

### घर में आग लगने से गेहूं सहित गृहस्थी का सामान जलकर खाक



**छतरपुर, देशबन्धु।** बमीठा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बसाटा में एक घर में अचानक आग लग जाने से गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। जानकारी के मुताबिक ग्राम बसाटा में अमलेश के यहां बीती रात करीब 12 बजे अचानक आग लग गई। अमलेश पाल की जब तक नींद खुली और आग को बुझाया गया तब तक घर में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। अमलेश के मुताबिक में घरा 300 बोरा भूसा, 40 क्विंटल गेहूं, कपड़े आदि जल गए हैं। अब उसका परिवार दाने-दाने के लिए मोहताज हो गया है। अमलेश पाल ने चन्द्रनगर चौकी में लिखित शिकायत देकर जांच कर मुआवजा दिलाने की मांग की है।

### खेरे की देवी मंदिर में हुई महाआरती, उमड़ा भक्तों का सैलाब

**छतरपुर, देशबन्धु।** इन दिनों शहर में नवरात्रि पर्व की धूम है, भक्तों ने जगह-जगह पंडाल सजाए हुए हैं जिनमें प्रतिदिन आरती सहित रंगारंगा कार्यक्रम हो रहे हैं। इसके अलावा विभिन्न समितियों द्वारा अलग-अलग स्थानों पर गरबे का आयोजन भी किया जा रहा है। इसके अलावा देवी मां के मंदिरों में सुबह-शाम भक्तों की भारी पूजा-अर्चना करने पहुंच रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को प्रसिद्ध खेरे की देवी मंदिर में महाआरती और छप्पन भोग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाआरती में बड़ी संख्या में धर्मप्रेमियों ने भाग लिया, सभी ने भक्तिभाव से माता की आरती कर सुख-समृद्धि की कामना की, इसके साथ ही मां दुर्गा को छप्पन भोग लगाए गए। आरती के उपरांत उपस्थित भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

### पुलिस लाइन में चल रहे गरबा महोत्सव का हुआ समापन

**छतरपुर, देशबन्धु।** नवरात्रि पर्व के अंतर्गत छतरपुर शहर के पुलिस लाइन परिसर में पुलिस परिवारों के लिए पांच दिवसीय गरबा मोहत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिसकर्मियों के परिवारजनों ने भाग लिया। बीती शाम कलेक्टर संदीप जी आर और पुलिस अधीक्षक अमित सांघी की उपस्थिति में महोत्सव का समापन किया गया। समापन अवसर पर गरबा महोत्सव में सहभागिता करने वाली मातृशक्ति और बच्चों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। समापन समारोह में कलेक्टर संदीप जी आर और पुलिस अधीक्षक अमित सांघी ने आयोजन की सराहना करते हुए सभी को नवरात्रि और दशहरे की शुभकामनाएं दीं। आयोजन को सफल बनाने में डीआईजी ललित शाक्यवार की धर्मपत्नी मधु शाक्यवार की सराहनीय भूमिका रही, जिसके लिए कलेक्टर एवं एसपी ने उन्हें साधुवाद दिया।

### चुनावी विवाद के चलते दबंगों ने घर पर बरसाई गोलियां

# महिला और उसका मासूम बच्चा हुआ जख्मी, इलाज जारी



**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के गौरिहार थाना क्षेत्र के ग्राम कितपुरा में बीती शाम चुनावी बुराई के चलते दबंग खंगार परिवार के चार लोगों ने प्रजापति परिवार के घर के बाहर से गोलीबारी कर दी। गोली लगने से एक महिला और उसका मासूम बच्चा जख्मी हुआ है। घायल महिला और बच्चे को परिजन पहले स्थानीय अस्पताल ले गए थे, जहां प्राथमिक उपचार किए जाने के बाद चिकित्सकों ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उनका इलाज जारी है।

पीड़ित परिवार के सदस्य कमलेश प्रजापति ने बताया कि गांव के शिवराम खंगार, रिखीराम खंगार, मंगल खंगार और धनंजय खंगार से उसके परिवार का पंचायत चुनाव के समय से विवाद चला आ रहा है।

पूर्व में उक्त लोगों ने कई बार परिवार के सदस्यों के साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी थी। बीती शाम करीब साढ़े 6 बजे उक्त चारों लोग परिवार के मुखिया लल्लू प्रजापति को मारने की नियत से घर पर पहुंचे लेकिन जब वे घर में घुस नहीं सके तो घर के बाहर से ही उन्होंने कट्टे से गोलियां चलाई। एक गोली घर में मौजूद तुलसा पत्नी शिववदन प्रजापति उम्र 26 वर्ष की जांघ में तथा एक गोली तुलसा के 4 वर्षीय पुत्र आशीष उर्फ बाबू प्रजापति के हाथ में लग गई। घटना के वक्त घर में घायलों के अलावा लल्लू प्रजापति, देवकुमारी प्रजापति और तुलसा का 6 माह का पुत्र संदीप प्रजापति भी मौजूद था, जो बाल-बाल बच गए हैं। उक्त घटना के बाद परिजन तुलसा और आशीष को गौरिहार के अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### छतरपुर के कांग्रेस प्रत्याशी ने लगाईं एक दर्जन चौपालें

# भाजपा के 18 साल कुशासन के नाम रहे : आलोक चतुर्वेदी



**छतरपुर, देशबन्धु।** छतरपुर के कांग्रेस प्रत्याशी एवं विधायक आलोक चतुर्वेदी के द्वारा पार्टी प्रत्याशी बनाए जाने के बाद निरंतर अपने क्षेत्र में तूफानी जनसंपर्क किया जा रहा है। उन्होंने बीते रोज शहर से लेकर गांव तक लगभग एक दर्जन स्थानों पर जन चौपालें लगाकर लोगों से संवाद किया एवं घर-घर जाकर कांग्रेस के लिए समर्थन मांगा। उन्होंने महर्षि स्कूल के समीप बीड़ी कॉलोनी, शिवनगर एवं कृष्णा कॉलोनी के साथ-साथ ग्राम नंदगांयकला, लक्ष्मनपुरा, आमखेरा और परापट्टी में लोगों से संवाद किया।

इस अवसर पर विधायक आलोक चतुर्वेदी ने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा के कुशासन से तंग आ चुकी है। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है, परीक्षाओं में घोटाले हो रहे हैं, नौकरियों में रिश्वतखोरी चल रही है, आम जनता छोटे-छोटे कामों के लिए परेशान है।

प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने एक माफिया तंत्र स्थापित कर दिया है जिससे आम जनता को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। श्री चतुर्वेदी ने कहा कि जनता इस बार बदलाव ला रही है। किसान खाद-बीज को लेकर हुईं दिक्कतों को याद करके मतदान करेंगे। महिलाएं महंगाई और अत्याचार के मामलों का जवाब देंगी, युवा बेरोजगारी और घोटालों का हिसाब लेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार जनता भाजपा सरकार को उखाड़ फेकने के लिए तैयार है। उन्होंने छतरपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता को भरोसा दिलाया कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही छतरपुर विधानसभा क्षेत्र को प्रदेश के सबसे विकसित विधानसभा क्षेत्र के रूप में तब्दील करेंगे।

# महिलाओं ने गरबा नृत्य के साथ की माता की आराधना



**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर के नौगांव रोड स्थित पेप्टेक टाउन कॉलोनी में चल रहे 9 दिवसीय नवरात्र महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसीक्रम में बीती रात बुन्देलखण्ड के जाने-माने गायक खनिजदेव चौहान की भजन संध्या का रंगारंग आयोजन हुआ। खनिजदेव चौहान ने अपनी टीम के साथ देर रात तक कई प्रचलित भजनों के माध्यम से माता की आराधना की।

खनिजदेव चौहान के साथ गायिका मान्यता श्रीवास्तव, अश्विनी, प्रभांशु आदि ने मंच पर अनेक भजनों के माध्यम से लोगों को शक्ति की भक्ति से जोड़ा। खनिजदेव चौहान के गीत मेरी विनती यही है माता रानी एवं भगवान शिव को समर्पित गीत हमारे भोले बाबा भक्तों की सुनते अर्जेंट हैं ने समां बांध दिया। इसके साथ ही मान्यता श्रीवास्तव ने भी कई शानदार भजनों की प्रस्तुतियां दीं। कॉलोनी के राधाकृष्ण मंदिर में चल रहे इस उत्सव के दौरान बीती रात गरबा नृत्य का आयोजन भी किया गया। इस गरबा महोत्सव के दौरान कॉलोनी की महिलाओं ने सुंदर वेशभूषा में नृत्य के माध्यम से माता की आराधना की। इस मौके पर समिति के सभी लोग एवं कॉलोनी के निवासी मौजूद रहे।

### 10 वर्षों से फरार इनामी वारंटी गिरफ्तार

**छतरपुर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक छतरपुर द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए, फरार आरोपियों, स्थाई वारंटी, इनामी बदमाशों की गिरफ्तारी हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा लवकुशनगर एसडीओपी के मार्गदर्शन में पठा चौकी पुलिस द्वारा लंबे समय से फरार इनामी स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने की कार्यवाही की गई है। लवकुशनगर थाना प्रभारी प्रशांत सेन के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा ग्राम चितहरी निवासी 55 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय में पेश किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 294, 323, 506 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध है। कार्यवाही में उप निरीक्षक अतुल दीक्षित चौकी प्रभारी पठा के अलावा आरक्षक मंगल यादव, महेंद्र जाटव और अवधेश राजपूत की अहम भूमिका रही।

# मां आदिशक्ति सभी प्रतिभागियों का भविष्य उज्जवल करे : डॉ. खरे



**छतरपुर, देशबन्धु।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हिंदू उत्सव समिति की ओर से गरबा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। बीती रात शहर के जाने-माने सर्जन डॉ एमपीएन खरे की उपस्थिति में इस महोत्सव का आगाज हुआ। डॉ खरे ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि इस विशाल आयोजन में जितने भी प्रतिभागी हैं आदिशक्ति उन सभी प्रतिभाओं का भविष्य उज्जवल करें और जीवन सफल करें।

शहर की हायर सेकेंडरी स्कूल क्रमांक 2 के खेल मैदान में हिंदू उत्सव समिति का पांच दिवसीय गरबा महोत्सव शुरू हो गया। समिति अध्यक्ष ने बताया कि इस महोत्सव में 22 ग्रुप के पांच सैकड़ा से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। पिछले 16 वर्षों से लगातार चल रहे महोत्सव में बढ़-चढ़कर बच्चियां, महिलाएं और युवतियां भाग ले रही हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ जाने-माने सर्जन डॉ एमपीएन खरे ने किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को अपनी ओर से शुभकामनाएं दी। देर रात तक यह महोत्सव चला रहा, एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां हुई। इस मौके पर समाजसेवी शंकर लाल सोनी, साहित्यकार प्रभा वैद्य सहित अन्य लोग उपस्थित रहे

**मंच से मतदान के लिए किया जा रहा लोगों को प्रेरित :** क्योंकि हाल ही में प्रदेश में विधानसभा चुनाव है स्वस्थ लोकतंत्र तभी माना जाता है जब ज्यादा से ज्यादा लोगों की सहभागिता होती है। अगले महीने चुनाव होने की वजह से हिंदू उत्सव समिति गरबा के मंच के माध्यम से आम जनमानस से अधिक से अधिक मतदान करने के लिए लोगों को प्रेषित कर रही है। ज्यादा से ज्यादा लोग चुनाव में भागीदार बने और एक स्वस्थ लोकतंत्र को आगे बढने् का संकल्प ले।

# अजय दौलत तिवारी ने कार्यकर्ताओं सहित कांग्रेस छोड़ी



- नीरज दीक्षित पर लगाए गंभीर आरोप, सपा से लड़ सकते हैं चुनाव

**छतरपुर, देशबन्धु।** महाराजपुर विधानसभा सीट पर कांग्रेस के बीच अंतर्कलह की तस्वीर खुलकर सामने आ गयी है। पार्टी के द्वारा यहां वर्तमान विधायक नीरज दीक्षित को दोबारा टिकिट दिए जाने से नाराज टिकिट के दावेदार अजय दौलत तिवारी ने अपने समर्थकों के साथ प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ को इस्तीफा भेजते हुए बगावत का ऐलान कर दिया है। माना जा रहा है कि वे महाराजपुर सीट पर समाजवादी पार्टी की टिकिट से प्रत्याशी हो सकते हैं।

शुक्रवार को अजय दौलत तिवारी ने नौगांव के कैफेटेरिया में एक प्रेस कांफ्रेंस करते हुए साफ कर दिया कि वे पार्टी द्वारा नीरज दीक्षित को दोबारा प्रत्याशी बनाए जाने से नाराज हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी ने लगातार 5 साल से धोखे और साजिश करने वाले विधायक नीरज दीक्षित को ही टिकिट दे दिया है जो कि कार्यकर्ताओं और क्षेत्र की जनता को मंजूर नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक नीरज दीक्षित का पूरा परिवार 5 वर्षों तक भ्रष्टाचार में लिप्त रहा। क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्यों में घटिया गुणवत्ता और कमीशनखोरी की जा रही है। क्षेत्र की जनता ने उन्हें महल की राजनीति के खिलाफ मैदान में उतारा था लेकिन उन्होंने क्षेत्र की जनता को धोखा दिया है। उन्होंने कहा कि जनता इस बार उन्हें माफ नहीं करेगी। श्री तिवारी ने कहा कि नीरज दीक्षित के द्वारा निकाय चुनाव और पंचायत चुनाव में कांग्रेस के खिलाफ खुलकर काम किया गया, वे भाजपा के एजेंट की तरह काम करते रहे और इसके सबूत भी पार्टी को सौंपे गए थे फिर भी बगैर किसी सर्वे के उन्हें टिकिट दिया गया जिससे हम सभी कार्यकर्ता पार्टी छोडने् के लिए मजबूर हैं। सपा से चुनाव लडने् के सवाल पर अजय दौलत तिवारी ने कहा कि फिलहाल वे अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओं से चर्चा कर रहे हैं हालांकि समाजवादी पार्टी के नेताओं से उनका संवाद जारी है। माना जा रहा है कि वे सपा से महाराजपुर सीट के प्रत्याशी तय कर दिए गए हैं सिर्फ सूची आने की देरी है।

# अवैध शराब के साथ 2 युवकों को पुलिस ने पकड़ा



**छतरपुर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव को लेकर लागू की गई आचार संहिता का पालन कराने के लिए जिले में पुलिस चैकिंग एवं नाका बंदी जारी है। इसी क्रम में बीती रात सिविल लाइन पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर की सटीक सूचना पर देरी रोड के महर्षि स्कूल के पास एक चार पहिया वाहन क्रमांक एमपी 16 सी 5059 को रोककर तलाशी ली तो कार में 9 पेटी अवैध शराब मिली। पुलिस ने कार में मौजूद ग्राम देरी निवासी दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दो अन्य आरोपी फरार हो गए, जिनकी तलाश जारी है। नगर पुलिस अधीक्षक अमन मिश्रा के मुताबिक कार से कुल 78 लीटर शराब मिली है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 40 हजार 400 रुपए है। इसके अलावा पुलिस ने कार को भी जप्त कर लिया है। कार्यवाही में सिविल लाइन थाना प्रभारी कमलेश साहू, उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार, शैलेन्द्र सिंह रावत, प्रधान आरक्षक राजीव मिश्रा, आरक्षक धर्मेन्द्र सिरवैया, चन्द्रशेखर, नरेश, मुकेश की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# कमलेश पाण्डेय के निधन पर स्वतंत्रता सेनानी एवं उत्तराधिकारी संगठन कार्यालय में हुई शोकसभा



**छतरपुर, देशबन्धु।** होटल ओम साईं राम में स्थित स्वतंत्रता सेनानी एवं उत्तराधिकारी संयुक्त संगठन कार्यालय में संगठन के उपाध्यक्ष पत्रकार कमलेश पाण्डेय के निधन पर शोकसभा आयोजित की गई। संगठन के अध्यक्ष कमल अग्रवाल ने कमलेश पाण्डेय के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की उन्होंने कहा कि पाण्डेय निर्विवाद पत्रकार के साथ सामाजिक एवं मिलनसार सज्जन व्यक्ति थे। सभी सदस्यों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर प्रार्थना की। संगठन के सदस्यों ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि पाण्डेय के निधन से संगठन की अपूर्णीय छति हुई है जिसकी भरपाई संभव नहीं है। इस दौरान संगठन के अध्यक्ष कमल अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, सुरेंद्र अग्रवाल, बृज किशोर अग्रवाल, जगदीश मिश्रा एवं चरण पादुका जन कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रभात तिवारी कोषाध्यक्ष मुकेश गुप्ता, नारायण दास गुप्ता, सचिव उत्सव तिवारी ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### गांधी आश्रम में शोकसभा कल

वरिष्ठ पत्रकार दैनिक देशबन्धु भोपाल के जिला ब्यूरो चीफ, आदर्श जिला पत्रकार के अध्यक्ष स्वर्गीय कमलेश पाण्डेय को श्रद्धांजलि देने के लिए रविवार, 22 अक्टूबर को सुबह 11 बजे, छत्रसाल चौराहा स्थित गांधी आश्रम में एक शोकसभा का आयोजन किया जा रहा है। कमलेश पाण्डेय से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े सभी लोगों से निवेदन है कि श्रद्धांजलि सभा में पधारकर कमलेश पाण्डेय को श्रद्धांजलि देने का कष्ट करें।

# सरपंच ने महिला से की छेडखानी, पुलिस ने किया मामला दर्ज

**घुवारा, देशबन्धु।** गांब का मुखियां ही जब अपराध करने लगे तो अन्य लोगो को कौन रोक सकता है ऐसा ही मामला एक सामने आया है जो क्षेत्र मे चर्चा का विषय बना हुआ है कि जहां सरपंच जो गांब का एक जिम्मेदार नागरिक होने के बाबजूद भी महिलाओ को बुरी नियत से देखकर उनके साथ छेडखानी करने लगे।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक बताया जा रहा है कि उपथाना घुवारा के ग्राम विश्वा के सरपंच कटारी चढार द्वारा गांब की एक 24 वर्षीय लोधी महिला के साथ बुरी नियत से छेडखानी की है महिला ने उपथाना आकर लिखित आवेदन देते हुये पुलिस को बताया है कि में अपने घर मे चक्की चलाने का काम करती हूं। तभी रात मे गांब के सरपंच कटारी चढार उम्र 55 वर्ष गेहूं पिसाने आये उसी समय मैरे पति शौच क्रिया करने के बाहर निकल गये मै घर मे अकेली थी चक्की चला रही मौके पर कोई न होने के कारण मौके का फायदा उठाते हुये सरपंच ने मेरा हाथ पकडकर जमीन मे गिरा दिया और मैरे साथ छेडखानी करने लगा मैने विरोध जताते हुये जोर से चिल्लाना शुरू किया तभी आबाज सुनकर मैरे देवर आये देवर को अंदर आते देख सरपंच मुझे छोडकर भाग गया महिला के आवेदन पर उपथाना प्रभारी बीरेन्द्र परस्ते ने घुवारा उपथाना के लिए तैनात महिला उपनिरीक्षक बमौरी चौकी प्रभारी सरिता रजक को सूचना दी उपनिरीक्षक सरिता रजक मे महिला के कथन लेते हुये बही सरपंच कटारी चढार पर अपराध क्रं.243/23 धारा 354 छेडखानी का मामला दर्ज करते हुये महिला के 164 के व्यान दर्ज कराये फिलहाल आरोपी सरपंच फरार चल रहा है

### शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**ईशानगर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष वा स्वतंत्र रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस व सीआईएसएफ बल के 69 जवानों ने ईशानगर और ग्राम पहाडगांव में फ्लैग मार्च निकाला। ईशानगर में महावीरन तालाब, रेल्वे स्टेशन, छतरपुर रोड, कुर्रा रोड, पचेर रोड से थाने तक फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च में ईशानगर थाना प्रभारी गुरुदत्त शेषा सहित संपूर्ण स्टाफ शामिल था। इस दौरान पुलिस ने आमजन से संवाद कर चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

# नौगांव नपा उपाध्यक्ष तिवारी कर सकते हैं साइकिल की सवारी

### टिकट वितरण के 6 दिन बाद महाराजपुर विधानसभा में बगावत

***नौगांव, देशबन्धु।*** *महाराजपुर विधानसभा में कांग्रेस पार्टी के टिकट वितरण के बाद बगावत शुरू हो गई है। महाराजपुर विधानसभा से कांग्रेस पार्टी से टिकट की दावेदारी कर रहे नौगांव नगर पालिका उपाध्यक्ष अजय दौलत तिवारी ने कांग्रेस की पहली लिस्ट घोषित होने के 5 दिन बाद क्षेत्रीय विधायक नीरज दीक्षित के ऊपर पार्टी के साथ गद्दारी करने के बावजूद भी प्रत्याशी बनाए जाने पर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता सहित पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। उपाध्यक्ष दौलत तिवारी के समर्थन में कांग्रेस के एक पार्षद सहित एक दर्जन से अधिक कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं ने भी इस्तीफा दिया है। कांग्रेस से इस्तीफा के बाद आगामी एक दो दिनों में अजय दौलत तिवारी महाराजपुर विधानसभा से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी हो सकते हैं।*

*नौगांव नगर पालिका उपाध्यक्ष एवं महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी से दावेदारी कर रहे अजय दौलत तिवारी ने शुक्रवार की दोपहर एक निजी होटल में प्रेस कांफ्रेंस कर टिकट न मिलने पर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता सहित पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया। दौलत तिवारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि पार्टी ने निष्ठावान कार्यकर्ता को दरकिनार करते हुए पार्टी के साथ गद्दारी करने, धोखेबाजी करने के मामले में शामिल क्षेत्रीय विधायक नीरज दीक्षित को एक फिर से प्रत्याशी घोषित किया है। तिवारी ने कहा कि किस तरह से क्षेत्रीय विधायक ने भाजपा का एजेंट बनकर चारों नगरीय निकाय में भाजपा के अध्यक्ष बनवाए, किस तरह से जनपद अध्यक्ष के चुनाव में उनकी मां ने भाजपा समर्थित प्रत्याशी को वोट दिया। इसके अलावा किस तरह से विधायक के द्वारा रेत के अवैध व्यापार में संलिप्त, अधिकारियों से लूट खसोट के कारण प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने मुझसे कहा था कि हमें महाराजपुर में दूसरा विकल्प चाहिए, सर्वे रिपोर्ट के टिकट दिए जाएंगे। लेकिन कांग्रेस और भाजपा दोनों पार्टियों ने सर्वे के एक तरफ रखते हुए भाजपा ने एक बार फिर सामंतशाह, महल को टिकट दिया तो वहीं कांग्रेस पार्टी ने भी कांग्रेस से गद्दारी करने वाले भाजपा के एजेंट को अपना प्रत्याशी घोषित किया है, इस सबसे आहत होकर अब इस पार्टी में कार्य नहीं कर सकता। इसलिए दुखी मन से पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं। अपनी विधानसभा परिवार के लोगों से सलाह मशविरा के बाद आगामी दिनों में अगला कदम उठाएंगे। दौलत तिवारी के साथ इस्तीफा देने वालों में कांग्रेस से पार्षद ताहिर मंसूरी, नरेंद्र शर्मा सहित एक दर्जन से अधिक कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने इस्तीफा दे दिया है।*

***दौलत तिवारी कर सकते हैं साइकिल की सवारी :*** *कांग्रेस से इस्तीफा के पहले कांग्रेस नेता दौलत तिवारी लखनऊ जाकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात कर चुके हैं। सूत्रों के मुताबिक नपा अध्यक्ष दौलत तिवारी की मंगलवार बुधवार को दिनों में दो बार समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव से लखनऊ में मुलाकात हो चुकी हैं। जिसमें अखिलेश यादव ने महाराजपुर विधानसभा से दौलत तिवारी के टिकट को लेकर हरी झंडी दे दी हैं। सूत्रों के मुताबिक आगामी एक दो दिनों में महाराजपुर विधानसभा से अजय दौलत तिवारी समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी घोषित हो सकते हैं।*

# अभिमत

*शनिवार को कैरो में शांति शिखर बैठक है। इस बैठक में फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास, बहरीन के किंग हमद बिन ईसा अल खलीफा, कुवैत के क्राउन प्रिंस शेख मिसाल अल-अहमद, ग्रीस के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोटाकिस और इतालवी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी भी भाग लेंगे। फ्रांसीसी विदेश मंत्री कैथरीन कोलोना, यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल ने भी अपनी उपस्थिति की पुष्टि की है। मगर, सवाल है कि ऐसी बैठक में पीएम मोदी की उपस्थिति क्यों नहीं है?*

## विश्व गुरू शांति प्रयास में पीछे क्यों रह गये?



पुष्परंजन

**इस समय दो-तीन बड़े सवाल हैं। सबसे पहला कि गाज़ा में फंसे बंधकों को बाहर कैसे निकाला जाए, साथ में जो स्थानीय नागरिक हैं, उन्हें आबोदाना और सुरक्षित आशियाना कैसे मुहैया कराया जाए? दो, जो कुछ फिलिस्तीन-इज़राइल के बीच हुआ, उसका डैमेज कंट्रोल कैसे हो? और तीसरा, अब्राहम अकॉर्ड का क्या होगा?**

राष्ट्रपति जो बाइडेन कन्फ्यूड हैं। हमास के हमले के समय बयान देते रहे कि हम नेतन्याहू के साथ हैं। अब बोले कि जिस तरह का हमला गाज़ा में हुआ, उसकी पुनरावृति नहीं होनी चाहिए। भारत की तरह अमेरिका में भी 2024 में चुनाव है। फ़र्क़ इतना भर है कि जिस तरह भारत में इस समय पांच राज्यों में चुनाव है, अमेरिका उस तरह से दो-चार नहीं है। वहां एक राउंड में ही फाइनल चुनाव है। भारत में फाइनल से पहले कई सेमीफाइनल हैं। पीएम मोदी इस समय पांच राज्यों में आहूत सेमीफाइनल की व्यूह रचना में खुद इतना उलझ गये कि सांस लेने तक की फुर्सत नहीं है। संभवत: यही विवशता है कि पीएम मोदी मध्यपूर्व में शांति के लिए लीड नहीं ले रहे हैं।

लेकिन जो बाइडेन की घरेलू राजनीति में इस समय इज़राइल चस्पां है। उन्हें साबित करना है कि वो एक सक्षम नेता हैं। मगर, बाइडन शांति स्थापना से अधिक आग लगाने में माहिर दीखने लगे। अपने घर की समस्याओं को अड्रेस करने में विफल जो बाइडेन एक युद्धकालीन नेता की तरह अचानक से सक्रिय हुए हैं। बावजूद इसके, प्रतिद्वंद्वी रिपब्लिकंस ने 80 साल के जो बाइडेन को एक कमज़ोर, शिथिल और ढीले-ढाले नेता के रूप में उनकी छवि गढ़ने में सफलता प्राप्त की है।

ठीक से देखा जाए तो हर आम चुनाव से कुछ महीने या साल पहले किसी दूसरे ज़मीन पर युद्ध की स्थिति बनती है, और अमेरिका में सत्ता और विपक्ष अपने हिसाब से नैरेटिव गढ़ता है। सन् दो हज़ार से पहले के कालखंड की चर्चा कभी बाद में करते हैं। मार्च 2003 में इराक युद्ध से ही इन्हें समझने का प्रयास करते हैं। तब अमेरिका में उसके अगले साल आम चुनाव था। उसके बाद, 2003 से 2011 तक इराक में युद्ध का सिलसिला चलता रहा, उन नौ वर्षों में अमेरिकी मतदाताओं और टैक्स पेयर्स की आंखों में अमेरिकी नेता धूल झोंकते रहे। 2016 में अमेरिकी आम चुनाव वाले समय सीरिया डिस्टर्ब कर दिया गया। सीरिया 2020 तक गृहयुद्ध में उलझा रहा, इस बीच अफ़ग़ानिस्तान भी एक बड़ा मोर्चा था। अमेरिकी नेता अपनी घरेलू राजनीति को युद्ध के बहाने मज़बूत करते रहे।

इस बार भी विशेषज्ञों का मानना है कि 2024 के राष्ट्रपति चुनाव से पहले जो बाइडेन रिपब्लिकन की आलोचना से बचने की कोशिश कर रहे हैं। युद्धविराम के लिए दुनिया भर में बढ़ती मांग के बावजूद जो बाइडेन ने गाज़ा के खिलाफ़इजरायली सैन्य अभियान को अपना समर्थन देने के लिए इस सप्ताह इजरायल का दौरा किया। लेकिन जिस पैमाने पर गाज़ा में नरसंहार हुआ, उसे देखते हुए जो बाइडेन भी चौतरफा दबाव में आ गये लगता है। गुरूवार को उन्हें कहना पड़ा कि ऐसी ग़लती न दोहराई जाए। ऐसे बयान का मतलब यही होता है कि मानवता के विरूद्ध इज़राइल ने अपराध किया है। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय में बेंजामिन नेतन्याहू पुतिन के बाद इस कालखंड के दूसरे नेता शायद हो जाएं, जिन्हें युद्ध अपराधी घोषित कर गिरफ्तारी का वारंट जारी कर दिया जाए।

इस समय दो तीन बड़े सवाल हैं। सबसे पहला कि गाज़ा में फंसे बंधकों को बाहर कैसे निकाला जाए, साथ में जो स्थानीय नागरिक हैं, उन्हें आबोदाना और सुरक्षित आशियाना कैसे मुहैया कराया जाए? दो, जो कुछ फिलिस्तीन-इज़राइल के बीच हुआ, उसका डैमेज कंट्रोल कैसे हो? और तीसरा, अब्राहम अकार्ड का क्या होगा?

अब्राहम अकार्ड की चर्चा से पहले हमें इज़राइल फिलिस्तीन विवाद की टाइम लाइन को संक्षेप में समझ लेना चाहिए। वर्ष 1917 में प्रथम विश्व युद्ध के बाद ब्रिटेन ने ऑटोमन साम्राज्य से फिलिस्तीन के बड़े भूभाग को अपने कब्जे में लिया और 2 नवंबर, 1917 की बॅल्फोर घोषणा के तहत यहूदियों को बसने के लिए जगह देने का अहद किया गया। नवंबर 1947 में संयुक्त राष्ट्र प्रस्ताव-181 के तहत फिलिस्तीन के इस भूभाग को यहूदी और अरब राज्य में विभाजित कर दिया गया तथा जेरूसलम को अंतरराष्ट्रीय नियंत्रण में रखा गया। इस तरह के विभाजन से पूर्वी जेरूसलम सहित वेस्ट बैंक का हिस्सा जॉर्डन के पास और गाज़ा पट्टी का क्षेत्र मिस्र के पास चला गया। फलस्वरूप लगभग-लगभग साढ़े सात लाख फिलिस्तीनी शरणार्थियों ने वेस्ट बैंक, गाज़ा पट्टी और दूसरे अरब देशों में जाकर शरण ली।

14 मई, 1948 को इजराइल की स्थापना हुई, जो अरबों के लिए अस्वीकार्य था। 8 महीनों तक इजराइल और अरब देशों में युद्ध चला। मध्य-पूर्व के इतिहास में 1967 का 'सिक्स डे वॉर' दर्ज़ है, जिसमें इजराइल ने जॉर्डन, सीरिया और मिस्र को पराजित कर पूर्वी यरुशलम, वेस्ट बैंक, गाज़ा पट्टी और गोलन पहाड़ी पर कब्जा कर लिया। उसी साल अरब देशों ने खार्तूम बैठक में तीन का प्रस्ताव पेश किये, जिसके अंतर्गत 'इजराइल के साथ कोई शांति नहीं, इजराइल के साथ कोई वार्ता नहीं और इजराइल को किसी प्रकार की मान्यता नहीं' का संकल्प किया गया। यही बुनियादी कारण था कि भविष्य में युद्ध से ही सब कुछ तय करने के रास्ते खुल गये।

15 साल बाद खार्तुम प्रस्ताव को नकारते हुए 1979 में कैंप डेविड समझौते के आधार पर मिस्र ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर कर इज़राइल को मान्यता दी। उसके प्रकारांतर जॉर्डन ने वर्ष 1994 में इजराइल के साथ सुलह कर लिया। इस बीच इजराइल और फिलिस्तीन ने 1993 और 1995 में ओस्लो समझौते पर हस्ताक्षर किए। लेकिन 2000 के दशक की शुरुआत में जब इजरायल में विद्रोह की एक श्रृंखला शुरू हुई, तो समझौते टूट गए। 13 अगस्त 2020 को इजराइल-यूएई के बीच शांति समझौते की घोषणा हुई, और उसके प्रकारांतर 11 सितंबर को बहरीन-इजराइल समझौते पर हस्ताक्षर हुए। इन समझौतों में अमेरिका और सऊदी अरब की अहम भूमिका को हम नकार नहीं सकते। मिडिल-इस्ट के ये वो देश हैं, जो अमेरिका के रहमों करम पर चलते रहे हैं।

मिडिल-इस्ट मामलों के जानकारों के अनुसार, सऊदी अरब की सहमति के बगैर बहरीन इस समझौते के लिये आगे नहीं बढ़ सकता था। इसे ध्यान में रखना चाहिए कि वर्ष 2011 में बहरीन में उठे जन-विद्रोह को नियंत्रित करने के लिये सऊदी अरब ने कुवैत और यूएई के साथ अपनी सेना भेजी थी। 2018 में सऊदी अरब ने बहरीन को 10 बिलियन डॉलर की आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई थी। 15 सितंबर 2020 को अब्राहम अकॉर्ड पर हस्ताक्षर हुआ था, जिसमें हस्ताक्षर करने वालों में इज़राइल, संयुक्त अरब अमीरात और बहरीन थे। यहूदी धर्म और इस्लाम के बीच विश्वास मज़बूत करने के लिए इस समझौते को अब्राहम के नाम पर रखा गया है, क्योंकि दोनों ही एकेश्वरवाद के समर्थक हैं।

इस तरह के समझौते का ही नतीज़ा है कि दो दिन पहले यूएई के अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि युद्ध के बावजूद अमीरात और इजरायलियों के बीच आर्थिक संबंध जारी रहेंगे। अमीरात के विदेश व्यापार राज्य मंत्री थानी बिन अहमद अल जायौदी ने कहा कि कूटनीति और कारोबार का हम मिश्रण नहीं करते। बहरीन और मिस्र भी लगभग इसी लाइन पर दीख रहे हैं। लेकिन इसका साइड इफेक्ट बाहर से यही समझ में आता है कि मुसलमान देश इज़राइल-फिलिस्तीन संघर्ष के सवाल पर ईरान की तरह आर या पार नहीं हैं।

2017 में प्रधानमंत्री मोदी इज़राइल गये थे, तब उनका ग्रैंड स्वागत हुआ था। मोदी और बीबी की दोस्ती परवान चढ़ती गई। यहां तक कि मोदी की सुरक्षा के वास्ते इज़राइल का श्वान दस्ता दिल्ली आया। भारत ने 1950 में इज़राइल को मान्यता दी थी, और 1992 में दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संबंध स्थापित हुए थे। 2022 में अदानी समूह और एक इजराइली भागीदार ने हाइफा पोर्ट के लिए 1.2 बिलियन डॉलर का टेंडर जीता। कुछ महीनों से भारत-इजराइल मुक्त व्यापार समझौते के लिए भी बातचीत चल रही है। बेशक, भारत के फिलिस्तीन व इजराइल से संबंध जटिल हैं। भारत फिलिस्तीनियों के समर्थन में कभी-कभार अपनी पुरानी लाइन पर वापिस लौट आता है। भारत के साथ ईरान के भी मैत्रीपूर्ण संबंध हैं, लेकिन इस समय ईरान जिस इज़राइल को ललकार रहा है, उस तेवर से भारत का इत्तेफ़ाक रखना भी सहज नहीं है।

मिस्र की भी मोदी से निकटता बढ़ी है, जहां वो जून 2023 में काहिरा गये थे। अमीरात और सऊदी अरब 1 अरब 40 करोड़ आबादी वाले भारतीय बाज़ार की उपेक्षा नहीं कर सकते थे। यूएई-भारत के बीच तेल से अलग कमोडिटीज से संबंधित व्यापार 45 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। मोदी ने पश्चिम की ओर देखो नीति को धार देनी चाही, उसी का नतीज़ा था कि वो सऊदी अरब और यूएई जैसे दिग्गज देशों के क़रीब अपनी नीति को ले आये।

मगर, जो कुछ फिलिस्तीन-इज़राइल में हुआ, उसे शांत करने की पहल में पीएम मोदी पीछे रह गये, इस बात को स्वीकार कर लेना चाहिए। पहले पीएम मोदी ने नेतन्याहू को फोन किया, विदेश मंत्रालय ने इज़राइल के समर्थन में बयान दिया। बाद में फिलिस्तीन के समर्थन की बारी आई, महमूद अब्बास से भी पीएम मोदी ने बात की। यानी, प्रथम ग्रासे दक्षिणपंथी की नीति पर प्रधान सेवक अग्रसर हैं। मगर, हमारी सबसे बड़ी चिंता गाज़ा वाले हिस्से में फंसे भारतीय हैं, जिन्हें निकाल लाने में विदेश मंत्रालय ने विवशता ज़ाहिर कर दी।

विवश हम कूटनीति के मोर्चे पर क्यों हो गये? शनिवार को कैरो में शांति शिखर बैठक है। इस बैठक में फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास, बहरीन के किंग हमद बिन ईसा अल खलीफा, कुवैत के क्राउन प्रिंस शेख मिसाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा, ग्रीस के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोटाकिस और इतालवी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी भी भाग लेंगे। फ्रांसीसी विदेश मंत्री कैथरीन कोलोना, यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल ने भी अपनी उपस्थिति की पुष्टि की है। मगर, सवाल है कि ऐसी बैठक में पीएम मोदी की उपस्थिति क्यों नहीं है?

**pushpr1@rediffmail.com**

## बीता सप्ताह

**14 अक्टूबर**

- भारत 2023 ग्लोबल हंगल इंडेक्स (जीएचआई) में 125 देशों में से 111वें स्थान पर रहा।
- महाराष्ट्र स्पीकर को विधायकों की अयोग्ता मामले में कोर्ट ने कहा कि कोर्ट के आदेशों की अनदेखी नहीं कर सकते।
- जम्मू कश्मीर के पूंछ जिले में सेना ने एक पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ा।
- अफगानिस्तान में आए भूकंप से 17 हजार लोग प्रभावित हुए।

**15 अक्टूबर**

- इजरायल के युद्धग्रस्त इलाके से 235 भारतीयों को लेकर आई दूसरी उड़ान।
- विश्वकप क्रिकेट मैच में भारत ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराकर 8वीं बार शिकस्त दी।
- केंद्र सरकार ने ऐलान किया कि हर साल 23 अगस्त को मनाया जाएगा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस।
- दक्षिण कोरिया की राजधानी सोल में सेजोंग हाकडॉग फाउंडेशन ने संस्कृति, खेल व पर्यटन मंत्रालय के सहयोग से सेजोंग हाकडॉग आऊटस्टेंडिग लर्न से इविटेंशनल ट्रेनिंग प्रोग्राम 2023 में भारतीय छात्रा श्रीजा विजेता बनीं।

**16 अक्टूबर**

- छग कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा के प्रत्याशियों की सूची नवरात्रि के पहले जारी की। छत्तीसगढ़ के 30 उम्मीवारों की सूची जारी की।
- युद्धग्रस्त इजरायल से ऑपरेशन अजय के तहत दो उड़ानों के जरिए भारतीय दिल्ली पहुंचे।
- मुंबई-नागपुर लमृद्धि एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 15 यात्रियों की मौत हो गई।
- 16 अक्टूबर से सेना के शीर्ष कमांडर्स की पांच दिवसीय सम्मेलन शुरु हुआ।

**17 अक्टूबर**

- बहुचर्चित निठारी हत्याकांड के दोषी सुरेन्द्र कोली और मनिंदर सिंह पंढेर को इलाहाबाद के उच्च न्यायलय ने बरी कर दिया।
- सुप्रीम कोर्ट ने एक विवाहित महिला की 26 सप्ताह से अधिक समय के गर्भ को समाप्त करने की याचिका खारिज कर दी।
- राजनीतिक दलों के चुनावी फंडिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि- चुनावी बांड से जुड़ी याचिका पर संविधान पीठ सुनवाई करेगी।
- बिजनेस हस्ती डेनियल नोबोआ इक्वाडोर के नए राष्ट्रपति चुने गए।

**18 अक्टूबर**

- विधायकों की अयोग्यता मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि- अगर स्पीकर समय सीमा तय नहीं करते तो कोर्ट तय करेगा।
- सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इंकार कर दिया।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा बालीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री वहीदा रहमान को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार प्रदान किया गया।
- तमिलनाडु के दो फटाका फैक्ट्री में विस्फोट होने से दस लोगों की मौत हो गई।

**19 अक्टूबर**

- मोदी सरकार पर राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि अडानी समूह ने 32000 करोड़ का घोटाला किया।
- केंद्र सरकार ने रबी फसलों का समर्थन मूल्य बढ़ाया।
- भाजपा सांसद निशिकांत ने टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा पर संसद में पैसे लेकर सवाल पूछने का आरोप लगाया।
- फर्जी डन्म प्रमाण पत्र मामले में समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान को रामपुर की अदालत ने सात साल की सजा सुनाई।

**20 अक्टूबर**

- छत्तीसगढ़ रायपुर में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि बस्तर के नगरनार इस्पात संयंत्र का निजीकरण नहीं किया जाएगा।
- दो हजार करोड़ शराब घोटाला कांड के आरोपी अनवर ढेबर को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली।
- एडीआर (एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्मस) के विश्लेषण रिपोर्ट के अनुसार मध्यप्रदेश में 186 भाजपा विधायक करोड़पति हैं।
- विजयवाड़ा एसीबी कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की न्यायिक हिरासत की अवधि 1 नवंबर 23 तक बढ़ा दी।

## मैंगलोर से इंदौर तक स्त्रियों को बांधने की कोशिश

मध्यप्रदेश की व्यावसायिक राजधानी इंदौर में पिछले दिनों एक अजीब वाक़या हुआ। यहां एक बुजुर्ग को ने एक कैफ़े को आग के हवाले कर दिया। कैफ़े संचालक की शिकायत गिरफ़्तार किये गये इस शख्स ने पुलिस को जो कारण बताया, वह बड़ा ही हास्यास्पद है। उसने कहा कि वह कई दिनों से देख रहा था कि कैफ़े में लड़कियां आती हैं, सिगरेट खरीदती हैं और वहीं खड़े होकर धुआं उड़ाती हैं। यूं खुलेआम लड़कियों के सिगरेट पीने से उसे सख्त ऐतराज़ था और इसी बात के चलते उसने सोचा कि न नौ मन तेल होगा, न राधा नाचेगी। बस फिर उसने कैफ़े में आग लगा दी। इस मामले ने कोई डेढ़ दशक पहले मैंगलोर में हुई उस घटना की याद दिला दी जिसमें हिंदूवादी संगठन श्रीराम सेने के 40 से भी अधिक कार्यकर्ताओं ने एक पब में जबरदस्ती घुसकर वहां मौजूद लड़कियों के साथ बदसलूकी की थी, यहां तक कि उन्हें ज़मीन पर पटक भी दिया था। इस घटना के बाद श्रीराम सेने के मुखिया प्रमोद मुथालिक ने कहा था, 'जिसने भी यह किया है उसने अच्छा काम किया है। लड़कियों का पब में जाना स्वीकार्य नहीं है। इसलिए, सेना के सदस्यों ने जो भी किया वह सही था।'

ये दोनों मामले बताते हैं कि पिछले डेढ़ दशक में गंगा से लेकर कावेरी तक में चाहे जितना पानी बह गया हो, स्त्रियों को लेकर भारतीय समाज का रवैया जस का तस है। लगभग हर परिवार ये चाहता है कि उसकी बेटी कल्पना चावला बने लेकिन लक्ष्मण रेखा के भीतर रहकर सीता भी बनी रही। इस अपेक्षा के मुताबिक न चलने पर न जाने कितनी लड़कियों की इज्ज़त की खातिर हत्या कर दी जाती है, जात-बिरादरी से वे बाहर निकाल दी जाती हैं, पैतृक संपत्ति से उन्हें बेदखल कर दिया जाता है और कहीं तो उन्हें मरा हुआ तक घोषित कर दिया जाता है। अंकिता भंडारी जैसे काण्ड समाज की इस धारणा को मजबूती देते हैं कि लड़कियां अगर बाहर हैं और अकेली भी, तो वे सुरक्षित रह ही नहीं सकतीं। लेकिन इसी समाज में वो लोग भी हैं जो बलात्कारियों के समर्थन में जुलूस निकालते हैं, दुष्कर्म के आरोपी नेता के लिए तख्तियां लेकर खड़े हो जाते हैं कि हमारा विधायक निर्दोष है। ऐसी दोहरी सोच वाले समाज को लड़कियों का अकेले रहना, अकेले घूमना-फिरना, अपनी मर्जी से अपना साथी चुनना या फिर अविवाहित रह जाना, पान के ठेले पर खड़े होना या जाम लेकर चियर्स कहना भला कैसे रास आयेगा।

कुल मिलाकर परिवार या खानदान की इज्ज़त लड़की को ही बचाना है और संस्कृति की रक्षा का दारोमदार भी उसी पर है। उसके सिगरेट-शराब पीने से ये सब चीज़ें खतरे में आ जाती हैं और अगर उसने ये सबके सामने कर लिया तो शायद प्रलय ही आ जायेगी। खुलेपन के सारे मज़े लड़के लूटें लेकिन लड़कियों को उनका हिस्सा न मिले - श्रीराम सेने जैसे संगठन से लेकर एक अकेले बुजुर्ग तक ये सुनिश्चित करने के लिये तैयार बैठे हैं। दोपहिया वाहन बनाने वाली एक कंपनी ने लड़कियों को लक्ष्य करते हुए नारा दिया था - व्हाई शुड बॉयज़ हैव ऑल द फ़न यानी लड़के ही सारा मज़ा क्यों लें। इंदौर के बुजुर्ग ने जो किया वह महज एक सनक नहीं है, बल्कि एक मानसिकता है जो कहती है - व्हाई शुड गर्ल्स हैव फ़न एट ऑल ! स्त्रियों पर जैसी बंदिशें अफ़गानिस्तान में तालिबानी हुकूमत ने लगाई हैं या ईरान में जिस तरह अपनी आज़ादी के लिये महसा अमीनी जैसी स्त्रियों को अपनी जान की कुर्बानी देनी पड़ी है, इस मानसिकता के चलते वैसी परिस्थितियां अपने यहां भी बन सकती हैं।



पलाश सुरजन

**मौजूदा वक़्त में धर्म और संस्कृति को लेकर दुराग्रह देश में बढ़ता जा रहा है, उससे लगता है कि देर-सबेर स्त्रियों पर बंधन बढ़ेंगे ही नहीं, वे पहले से ज़्यादा मजबूत भी होंगे और येन केन प्रकारेण उन्हें जायज भी ठहरा दिया जायेगा। लेकिन यह विश्वास किया जा सकता है कि स्त्रियों ने पितृसत्ता की बाधाओं को पार कर थोड़ी-बहुत जो जगह अपने लिये बनाई है, वे उसे यूं ही नहीं जाने देंगीं।**

ऐसा इसलिए भी कि मौजूदा वक़्त में धर्म और संस्कृति को लेकर दुराग्रह देश में बढ़ता जा रहा है, उससे लगता है कि देर-सबेर स्त्रियों पर बंधन बढ़ेंगे ही नहीं, वे पहले से ज़्यादा मजबूत भी होंगे और येन केन प्रकारेण उन्हें जायज भी ठहरा दिया जायेगा। लेकिन यह विश्वास किया जा सकता है कि स्त्रियों ने पितृसत्ता की बाधाओं को पार कर थोड़ी-बहुत जो जगह अपने लिये बनाई है, वे उसे यूं ही नहीं जाने देंगीं। इसके लिये फिलहाल एक उदाहरण काफ़ी होगा। श्रीराम सेने के हमले के ख़िलाफ़ महिलाओं के एक समूह ने तब 'पिंक चड्डी अभियान' चलाया था। सर्वथा अनूठे और अहिंसक इस अभियान के तहत देशभर से बड़ी संख्या में महिलाओं के अधोवस्त्र श्रीराम सेने के दफ़्तर को भेजे गये थे। उसके बाद फिर कभी उस घटना का दोहराव देखने-सुनने को नहीं मिला। वैलेंटाइन डे पर लड़के-लड़कियों के साथ पाए जाने पर उनकी शादी करवा देने की धमकी भी श्रीराम सेने को वापस लेनी पड़ी।

## भारत में महिला श्रम शक्ति की हालत बताने वाला नोबेल पुरस्कार

इस साल अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार हार्वर्ड विश्वविद्यालय की प्रोफेसर क्लाउडिया गोल्डिन को दिया गया है। वे इस पुरस्कार को जीतने वाली इतिहास की तीसरी महिला हैं और स्वतंत्र रूप से सम्मानित होने वाली पहली हैं। एकल पुरस्कार विजेता के रूप में अर्थशास्त्र का नोबेल पाने वाली पहली महिला होना बहुत खास है। नोबेल प्रशस्ति पत्र में उनके पांच दशकों के काम का वर्णन करते हुए कहा गया है कि यह पुरस्कार 'महिलाओं के श्रम बाजार के परिणामों की हमारी समझ को उन्नत करने के लिए है।' उनके कुछ व्यावहारिक और मूल योगदान अब आम ज्ञान बन गए हैं। ये याद रखने योग्य हैं और जिनकी यहां चर्चा की जा रही है। उनका सबसे महत्वपूर्ण और निश्चित अध्ययन अमेरिकी इतिहास के 200 वर्षों में महिलाओं की श्रम शक्ति भागीदारी और परिणामों का है। अमेरिकी आंकड़ों से निकाले गए उनके कई नतीजे और निष्कर्ष सांस्कृतिक और भौगोलिक मतभेदों के बावजूद भारत सहित अधिकांश अन्य देशों पर लागू होते हैं।

उनमें से कुछ की जांच करें तो सबसे पहले यही ज्ञात होता है कि अर्थव्यवस्था के विकास के रूप में श्रम शक्ति में महिलाओं की भागीदारी का यू-शेप है। आर्थिक विकास के साथ अर्थव्यवस्था कृषि प्रधान से औद्योगिक और अंत में सेवा प्रभुत्व वाली हो गई है। कृषि चरण में महिलाएं अपने पुरुषों के साथ खेतों पर काम करती हैं। औद्योगिकीकरण के साथ कारखानों और असेंबली लाइनों पर काम कम लचीला और अधिक कठिन है जिसके कारण महिलाओं की भागीदारी कम हो जाती है। अधिक आर्थिक प्रगति के साथ सेवा क्षेत्र हावी होता जा रहा है और जहां महिलाएं अधिक संख्या में भाग लेने में सक्षम हैं। यह यू-आकार (यू-शेप) है- प्रारंभिक चरण में उच्च भागीदारी, इसके बाद औद्योगिक चरण के दौरान कम तथा अधिक समृद्धि होने पर फिर से उच्च। अमेरिकी आर्थिक इतिहास की एक लंबी अवधि में यह क्रम देखा गया है। यह पैटर्न उन देशों में भी देखा जाता है जो इस समय विकास के विभिन्न चरणों में हैं। इस प्रकार समय के साथ-साथ दुनिया भर में यह एक पैटर्न है। आश्चर्य नहीं कि अधिकांश अमीर देश, जिनके पास बहुत बड़ा सेवा क्षेत्र है, उनमें उच्च महिला श्रम बल भागीदारी दर (फीमेल लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट-एफएलएफपीआर) भी होती है। स्वीडन जैसे देशों में यह भागीदारी 85 से 90 प्रतिशत तक हो सकती है। इसका मतलब है कि कामकाजी उम्र में उनकी 90 प्रतिशत महिलाएं या तो भुगतान वाले काम में कार्य कर रही हैं या नौकरी की तलाश में हैं। इसके विपरीत भारत में एफएलएफपीआर कम है। कुछ मामलों में यह 20 फीसदी से नीचे है और सभी जी-20 देशों में सबसे कम है। इस पर विवाद रहा है। भारत सरकार द्वारा प्रकाशित 2023 के आर्थिक सर्वेक्षण में एफएलएफपीआर को 27.7 प्रतिशत बताया गया है। लेकिन इसके बारे में अधिक जानकारी बाद में नीचे दी गई है।

महिला भागीदारी के यू-शेप का एक और पहलू पूरी अर्थव्यवस्था के आर्थिक विकास प्रक्षेप वक्र (इकॉनामिक डेवलपमेंट ट्रेजक्टरी) के माध्यम से ही न देखते हुए परिवार की आय और सामाजिक रीति-रिवाजों के लेंस के जरिए से भी देखा जाना चाहिए। बहुत गरीब परिवारों की महिलाएं काम करने के लिए विवश हैं। इसलिए कार्यबल की भागीदारी दर अधिक है। जैसे-जैसे परिवार की आय बढ़ती है, महिलाएं पीछे हट जाती हैं और घर के काम और बच्चों की देखभाल करने लगती हैं। अमीर और बहुत अमीर परिवारों के लिए कार्यबल भागीदारी दर फिर से बढ़ जाती है। यह भी यू-आकार का है लेकिन घरेलू आय के संबंध में है। इस पैटर्न को सामाजिक रीति-रिवाजों द्वारा और अधिक विकृत किया गया है। यदि कोई महिला घर से बाहर वेतन के लिए काम कर रही है तो इसे एक सामाजिक कलंक से जुड़ा माना जाता है। इसका तात्पर्य यह है कि घर का 'आदमी' या तो आलसी है या अपने परिवार के लिए पर्याप्त कमाने में असमर्थ है।

विभिन्न संस्कृतियों में यह धब्बा देखा गया है। इस प्रकार का सामाजिक कलंक भी विशेष रूप से मध्यम आय वाले परिवारों की महिलाओं की भागीदारी को रोक सकता है। यू-आकार को प्रदर्शित करने वाला जो एक अन्य कारक है वह है महिलाओं की शिक्षा। अनपढ़ या कम शिक्षा वाले लोगों के वर्ग में महिलाएं अधिक भागीदारी लेती हैं। अल्प शिक्षा (जैसे मिडिल स्कूल तक) के साथ उनकी भागीदारी दर गिर जाती है। उच्च शिक्षा (कॉलेज या स्नातकोत्तर) के साथ उनकी भागीदारी फिर से बढ़ जाती है। यह भी यू-शेप है। यह क्रम भारतीय आंकड़ों में भी देखा जाता है। यहां यू-आकार के लिए स्पष्टीकरण श्रम के आपूर्ति पक्ष से नहीं है या यह कि मध्यम शिक्षित महिलाएं काम नहीं करना चाहती हैं। यह वास्तव में श्रम की मांग की ओर से है। हाई स्कूल या मिडिल स्कूल तक शिक्षा प्राप्त महिलाओं के लिए पर्याप्त और उपयुक्त नौकरियां नहीं हैं। इसलिए नौकरियों के अभाव में वे श्रम बल से बाहर हो जाती हैं।

भारतीय संदर्भों में इस तरह की टिप्पणी सुनना काफी आम है कि 'मेरी बेटी एक अस्थायी नौकरी कर रही है लेकिन जैसे ही उसकी शादी हो जाएगी, वह नौकरी छोड़ देगी।' ऐसा लगता है जैसे नौकरी, शादी और मातृत्व से पहले की बस एक अस्थायी व्यवस्था है। दरअसल, गोल्डिन और अन्य लोगों के काम ने प्रमाणित किया है कि पुराने समय में किस तरह एक वयस्क महिला की प्रमुख कामकाजी उम्र का लगभग 60 प्रतिशत या तो गर्भवती होने या बच्चे का पालन पोषण कराने में खर्च हो जाता था। हमारे दादा-दादी की पीढ़ी को देखें जिसमें एक दर्जन भाई-बहनों वाले परिवार थे। उनकी माताओं की दुर्दशा की कल्पना करें। परिवार नियोजन, विवाह टालने और गर्भधारण के बीच अंतर के कारण यह सब बदल गया। इसके अलावा कुल प्रजनन दर यानी प्राइम एज महिला से पैदा हुए बच्चों की औसत संख्या में तेजी से गिरावट आई है। गोल्डिन के काम से एफएलएफपीआर को बढ़ाने में गर्भनिरोधक की विशेष भूमिका भी उजागर होती है। उनका काम कार्यस्थल में भेदभाव के खिलाफ और समान वेतन के लिए महिलाओं के संघर्ष को भी कवर करता है। नोबेल पुरस्कार विजेता गोल्डिन के पूरे और समृद्ध काम को एक लेख में वर्णित नहीं किया जा सकता।



डॉ.अजीत रानाडे

**विभिन्न संस्कृतियों में यह धब्बा देखा गया है। इस प्रकार का सामाजिक कलंक भी विशेष रूप से मध्यम आय वाले परिवारों की महिलाओं की भागीदारी को रोक सकता है। यू-आकार को प्रदर्शित करने वाला जो एक अन्य कारक है वह है महिलाओं की शिक्षा। अनपढ़ या कम शिक्षा वाले लोगों के वर्ग में महिलाएं अधिक भागीदारी लेती हैं। अल्प शिक्षा (जैसे मिडिल स्कूल तक) के साथ उनकी भागीदारी दर गिर जाती है।**

गोल्डिन को मिला नोबेल पुरस्कार भारत के लिए इससे अधिक समयानुकूल और प्रासंगिक नहीं हो सकता था। भारत में दो दशकों से एफएलएफपीआर लगातार गिर रहा है हालांकि हाल ही में इसमें कुछ वृद्धि हुई है। 2023 का आर्थिक सर्वेक्षण भी देश भर के उन 12 मिलियन स्वयं सहायता समूहों की मूक क्रांति का दस्तावेजीकरण करता है जो लगभग पूरी तरह से महिलाओं द्वारा चलाए जाते हैं। संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के आरक्षण के लिए हाल ही में लाया गया कानून भी बहुत जल्द नहीं आया है। सरकार के तीसरे स्तर में आरक्षण को धन्यवाद दिया जाना चाहिए जिसके कारण अधिकांश राज्यों में गांव, शहर और नगर परिषदों और निगमों में सभी निर्वाचित व्यक्तियों में से आधी महिलाएं हैं।

कई कंपनियां महिलाओं को उनकी पहली या दूसरी गर्भावस्था यानी मिड कैरियर के बाद फिर से भर्ती करने की कोशिश करने में सक्रिय हैं। दो कमियां दिखाई देती हैं जिन्हें भारत सरकार को तत्काल भरना चाहिए। पहला पुरुष और महिला श्रम भागीदारी दर (आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार 56 और 28 फीसदी) के बीच का अंतर है और दूसरा एक ही काम के लिए पुरुष और महिला कर्मचारियों के बीच का वेतन अंतर है। यदि इन दोनों अंतरों को समाप्त कर दिया जाता है तो भारत के सकल घरेलू उत्पाद में काफी वृद्धि हो सकती है। गोल्डिन को मिले पुरस्कार के कारण ये मुद्दे फिर फोकस में आ गए हैं।

**( लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं। सिंडिकेट : दी बिलियन प्रेस )**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में मानक महोत्सव का आयोजन

**रायसेन, देशबन्धु।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में 20 अक्टूबर को मानक दिवस पर मानक महोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में अनस अहमद अंसारी मैकेनिकल इंजीनियर बंसल स्टील प्लांट मंडीदीप मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे एवं अन्य अतिथि के रूप में डॉ अनिल कुमार जुनेजा प्रोफेसर वाणिज्य स्वामी विवेकानंद कॉलेज रायसेन भी उपस्थित थे। संस्था के प्राचार्य डॉ एसपी कोरी द्वारा सभी को बधाई देते हुए मानक महोत्सव की उपयोगिता के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम के कोर्डिनेटर संस्था के अनुराग जैश व्याख्याता सिविल थे। इस कार्यक्रम का विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा लाभ लिया गया।

### कांग्रेस से गगनेन्द्र उम्मीदवार घोषित, कार्यकताओं ने की आतिशबाजी



**सिरोंज, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस की दूसरी सूची में विधानसभा क्षेत्र 147 सिरोंज -लटेरी से कांग्रेस से गगनेन्द्र रघुवंशी को उम्मीदवार घोषित किया है। कांग्रेस से प्रत्याशी बनाने पर कार्यकताओं व नेताओं ने लिंकरोड स्थित कांग्रेस नेता गगनेन्द्र रघुवंशी के निवास पर पहुंचकर स्वागत किया गया। कार्यकताओं ने निवास के बाहर आतिशबाजी कर खुशी मनाई। कांग्रेस नेताओं ने केन्द्रीय नेतृत्व व प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ, पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण यादव, पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह का आभार जताया।

### नशे में बाइक चलाने वाले पर 16 हजार का जुर्माना

**भेरून्दा/नसरूल्लागंज, देशबन्धु।** थाना भेरुन्दा नगर अंतर्गत 14/10/23 को वाहन चेकिंग के दौरान मोटर सायकल क्रमांक एमपी 37-एमएक्स-2607 के चालक रमेश पवार पिता गंगा प्रसाद पवार निवासी किसान मोहल्ला नसरुल्लागंज को लहराती हुये मोटर सायकल चलाते पाए जाने पर रोककर चेक करने पर उसके द्वारा अत्यधिक शराब सेवन करना पाया गया तत्पश्चात चालक रमेश पवार का शासकीय अस्पताल से मेडिकल कराया गया एवं मोटर सायकल को जप्त कर प्रकरण तैयार किया जाकर शुक्रवार को न्यायालय भेरुन्दा पेश किया गया था। न्यायालय द्वारा मोटर सायकल चालक रमेश पवार पर शराब के नशे मे वाहन चलाने पर 16,000 रुपये के जुर्माने से दण्डित किया गया है।

### सरपंच सचिव भ्रष्टाचार कर जेसीबी से कर रहे मनरेगा का काम

**मुरैना, देशबन्धु।** जिले की सबलगढ़ तहसील के अंतर्गत रामपहाड़ी गांव में सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक द्वारा भ्रष्टाचार के चलते मनरेगा का काम मजदूरों से ना कराकर जेसीबी मशीन के द्वारा कराया जा रहा है, जिससे लोगों को काम नहीं मिल रहा और वह घर बैठे हुए हैं। इस संबंध में रामपहाड़ी निवासी देवेंद्र रावत ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन देकर कार्रवाई करने की मांग की है। देवेंद्र रावत पुत्र रघुवीर रावत निवासी रामपहाड़ी ने बताया कि सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक के द्वारा मजदूरों से काम नहीं कराया जा रहा और अपने चहेतो को काम देकर जेसीबी से कराया जा रहा है। मजदूरों के खाते में रुपए ना डालते हुए अन्य व्यक्तियों के खाते में राशि डाली जा रही है तथा कमीशन लिया जा रहा है। मनरेगा में काम करने वाले मजदूर काम ना मिलने से आर्थिक संकट में है और वह घर बैठे हुए हैं। देवेंद्र रावत ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन देकर तत्काल दोषी लोगों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

---

अधिकारियों से नाम निर्देशन पत्र लिए जाने संबंधी तैयारियों की ली जानकारी

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने की विधानसभा चुनाव कार्यों की समीक्षा



**रायसेन, देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक सह वीडियो कॉफ्रेंस में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अरविंद दुबे ने विधानसभा आम निर्वाचन-2023 की तैयारियों की समीक्षा कर दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने एफएसटी, एसएसटी और वीएसटी टीमों द्वारा की जा रही कार्यवाही की भी समीक्षा करते हुए कहा कि 21 अक्टूबर से विधानसभा निर्वाचन के लिए नाम निर्देशन पत्र लिए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी दुबे ने चारों विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारियों से नाम निर्देशन पत्र लिए जाने संबंधी तैयारियों की भी जानकारी ली। साथ ही सभी अधिकारियों को पूरी सजगता औ रनिष्ठा के साथ निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों और आदर्श आचरण संहिता का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक विकास शहवाल द्वारा एसडीओपी सहित अन्य पुलिस अधिकारियों को कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक सह वीडियो कॉफ्रेंस में अपर कलेक्टर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**अधिकारियों और सहायकों को नियुक्त किया:** विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले की चारों विधानसभाओं के लिए नियुक्त सामान्य, व्यय, स्वीप एवं पुलिस प्रेक्षकगणों के सहयोग के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी तथा कलेक्टर अरविंद दुबे ने लायजनिंग ऑफीसर एवं सहायकों को नियुक्त किया है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 142-सांची एवं 143-सिलवानी के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक हेतु भुवन मोहरीर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, जिला पंचायत रायसेन को लायजनिंग ऑफीसर नियुक्त किया गया है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 140-उदयपुरा तथा 141-भोजपुर के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक हेतु श्री जलज चतुर्वेदी जिला खेल अधिकारी को लायजनिंग ऑफीसर नियुक्त किया गया है। लायजनिंग ऑफीसरों के साथ सहायकों को भी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त स्वीप प्रेक्षक के लिए श्री विनोद बघेल जिला समन्वयक जिला पंचायत रायसेन को तथा पुलिस प्रेक्षक के लिए श्री प्रदीप रघुवंशी सूबेदार रायसेन को लायजनिंग ऑफीसर नियुक्त किया गया है।

**आज से भरे जाएंगे नाम निर्देशन:** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन-2023 की घोषणा अनुसार विधानसभा निर्वाचन के लिए अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन जमा करने की प्रक्रिया 21 अक्टूबर को प्रारंभ होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी और कलेक्टर श्री अरविंद दुबे ने बताया कि नाम निर्देशन पत्र 21 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक प्रात: 11 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक लिए जाएंगे। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 31 अक्टूबर को की जाएगी।

---

## रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम में दिया मतदाता जागरुकता का संदेश



**सिरोंज, देशबन्धु।** नगर के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत चल रहे 30 दिवसीय स्पोकन इंग्लिश और 15 दिवसीय व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के नृत्य, गीत गायन और नाटक के माध्यम से प्रशिक्षण में प्राप्त शिक्षा के महत्व स्पष्ट करते हुए मतदाता जागरूकता का भी संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में कर्तव्य आईएएस एकेडमी इंदौर से प्रो. मरविन माईकल और संतोष तिवारी ने विद्यार्थियों को लाइफ स्किल्स,कम्युनिकेशन स्किल्स, इंटरव्यू स्किल्स, लक्ष्य निर्धारण, गोल सेटिंग, टाइम मैनेजमेंट,एटिकेट्स मैनर्स, पब्लिक स्पीकिंग, व्यवहार कौशल, मनी मैनेजमेंट आदि सभी बिंदुओं के बारे में विस्तार से समझाया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों का अत्यधिक उत्साह देखने को मिला और वे कार्यक्रम समाप्ति के उपरांत लगभग 2 घंटे तक दोनों प्रशिक्षकों के साथ अपनी भविष्य की योजना बनाते दिखे। एक्सपर्ट द्वय ने सभी विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं एवं प्रश्नों का उत्तर बड़े ही धैर्य पूर्वक और आसान शब्दों में दिया। सभी विधार्थी उनके जवाब से संतुष्ट नजर आए। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. साधना कुमारी ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियो के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो. महेश भाबोर ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि करते है। वहीं डॉ. आर.के.वाखला ने कहा कि रोजगार से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए बहुत उपयोगी है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर लालचंद राजपूत ने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर बहु संख्या में विद्यार्थी और समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## सोनी मीडिया संयोजक नियुक्त



**भेरून्दा/नसरूल्लागंज, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव की दृष्टि से 230 विधानसभाओं के विधानसभा मीडिया संयोजकों की नियुक्ति की गई है। जिसके तहत मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान,भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा के निर्देशानुसार क्षेत्रीय सांसद रमाकांत भार्गव पूर्व निगम अध्यक्ष गुरु प्रसाद शर्मा, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राजपूत भाजपा जिला अध्यक्ष रवि मालवीय, बुधनी विधानसभा प्रभारी रघुनाथ सिंह भाटी की सहमति से भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने विजय सोनी को बुधनी विधानसभा क्षेत्रका मीडिया संयोजक नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारी जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं ने बधाई दी तथा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं भाजपा नेताओं का आभार माना है।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी घोड़ाडोंगरी की बैठक आज

**बैतूल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव की रणनीति बनाने के लिए सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक राठौर मैरिज लॉन घोड़ाडोंगरी में आज 21 अक्टूबर को सुबह 10 बजे आहूत की गई है। बैठक में कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष ग्रामीण हेमंत वागद्रे, ब्लॉक प्रभारी शांतिलाल तातेड, विधानसभा घोड़ाडोंगरी कांग्रेस प्रत्याशी राहुल उइके आदि मौजूद रहेंगे।

## मतदाता जागरूकता के लिए मैराथन दौड़ का आयोजन

**सिरोंज, देशबन्धु।** सी.एम. राइज विद्यालय से थाने परिसर तक मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें अनुविभागीय अधिकारी हर्षल चौधरी, लालचंद राजपूत प्राचार्य लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय सिरोंज, धीरज मैना स्वास्थ्य अधिकारी नगर पालिका सिरोंज, उमेश कुमार सोनी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, महेश कुमार ताम्रकार प्राचार्य सी एम राईज सिरोंज, केशव शर्मा विकासखंड समन्वयक खेल एवं युवा कल्याण विभाग, शान मियां, जमशेद खान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



## 6 साल से फरार ईनामी वारंटी को पुलिस ने सीहोर से किया गिरफ्तार

**भेरून्दा/नसरूल्लागंज, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को थाने में लंबित गिरफ्तारी व स्थायी वारंटों की तामीली हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के पालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेशकुमार गर्ग अनुविभागीय विभागीय अधिकारी पुलिस दीपक कपूर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भेरुन्दा गिरीश दुबे द्वारा टीम गठित कर 6वर्षो से फरार स्थायी वारंटी सरणाम प्रजापति उम्र 45 वर्ष निवासी शीतल विहार कालोनी सीहोर की तलाश में सीहोर रवाना किया था। टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र कि सहायता से थाना कोतवाली अंतर्गत



जिला अस्पताल से वारंटी सरणाम प्रजापति को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की। वारंटी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक सीहोर द्वारा 1000 नगद राशि का ईनाम घोषित किया गया था। इस कार्रवाई में प्र आर जितेंद्र यादव, प्र आर दिनेश जाट,आर पुष्पेंद्र जाट का विशेष योगदान रहा।

## नुक्कड़ नाटक, रंगोली प्रतियोगिताओं से वोट डालने किया जा रहा जागरूक



**रायसेन, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन-2023 में रायसेन में शत-प्रतिशत मतदान कराने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे के निर्देशानुसार रायसेन जिले में मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है।

इस अभियान के तहत जिले भर में मेहंदी, नुक्कड़ नाटक, रंगोली, रैली, दीवार लेखन सहित विभिन्न स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में टेकापार, कातिलताई, थाना सहित अनेक ग्रामों में स्व-सहायता समूहों की महिला सदस्यों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकालकर आगामी विधानसभा निर्वाचन में दिनांक 17 नवम्बर को मतदान केन्द्र जाकर वोट डालने के लिए प्रेरित किया गया और शपथ भी दिलाई गई।

## जुआ खेल रहे 7 जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा,निकाला जुलूस



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के दुर्गा पंडालो के आसपास जुआ चलने की सूचना पर पुलिस ने गुरुवार रात कई स्थानों पर दबिश दी। जिसमे से पुलिस ने दो स्थानों से सात जुआरियों को पकड़ा। सभी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 151 की कार्रवाई भी की है और इन्हें पुलिस थाने से तहसील कार्यालय तक जुलूस निकालकर पैदल ले जाया गया। अन्य स्थानों पर भी पुलिस की दबिश से जुआरियों में भय व्याप्त है। एसडीओपी सुरेश पाल सिंह और टीआई प्रज्ञा शर्मा ने बताया कि मां भवानी मंडल के पीछे शास्त्री वार्ड में रविंद्र पिता बंसीलाल सोनी, मनीष पिता गोवर्धन पवार राजीव गांधी वार्ड, अलकेश पिता रामदास पवार भगत सिंह वार्ड को जुआ खेलते पकड़ा गया और उनसे 1890 रुपये जब्त किए गए। वही आंगनवाड़ी केंद्र के सामने बिरुल रोड पर हेमराज पिता होरीलाल नंदपुर आमला, समीर सोनेकर पिता राम कुमार सोनेकर आमला, रमेश पवार पिता हीरालाल पवार गुरुसाहब वार्ड एवम् एक अरुण जुआ खेल रहे थे। इनके कब्जे से 1830 रूपए जब्त किए गए। सभी जुआरियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर धारा 151 के तहत भी कार्रवाई की गई है। बताया जा रहा है कि थाने का जेल वाहन खराब होने से इन सभी को पैदल ही तहसील कार्यालय तक ले जाया गया। इससे पुलिस की एक कोशिश यह भी रही कि जुआ खेलने वालो में यह संदेश चला जाये कि जुआरियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

> दुर्गा पंडालों में पहुंचकर पुलिस ने की जांच

## हथियार के जखीरे के साथ बाइक सवार बदमाश गिरफ्तार

**मुरैना, देशबन्धु।** जिले की नूराबाद थाना पुलिस ने गुरुवार की रात मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान क्षेत्र में अवैध हथियार खपाने बाइक से आ रहे बदमाश को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में अवैध हथियार एवं कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर पूछताछ की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अनुविभागीय अधिकारी बामौर श्रीमती दीपाली चन्दौलिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नूराबाद रामबाबू यादव को मुखविर से सूचना मिली कि एक हथियार तस्कर मुरैना जिले में अवैध हथियारो की बड़ी खेप खपाने के लिए आ रहा है। उक्त सूचना पर थाना प्रभारी नूराबाद रामबाबू यादव एवं सायबर सैल टीम व्दारा मुखबिर के बताये स्थान पिलुआ तिराहा बिचौला मालनपुर रोड पर पहुंचकर फोर्स के साथ चैकिंग लगायी गयी। चैकिंग के दौरान एक व्यक्ति पीले रंग की शर्ट पहने हुये मोटरसाईकिल से आता हुआ दिखा, जो पुलिस की चैकिंग को देखकर अपनी मोटर साइकिल को बैक करते हुए भागने लगा, तब टीम व्दारा पीछा कर घेरकर पकड़ा तो मोटरसाईकिल चला बदमाश फिर से मोटरसाईकिल को पटककर रोड किनारे खेत की तरफ भागा, जिसे फोर्स की मदद से पकड लिया गया है। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम भोलू उर्फ भोले गुर्जर 23 वर्ष निवासी पारसेन जिला ग्वालियर बताया है। पुलिस ने आरोपी की पीठ पर टंगे पिठ्ठे बैग को चेक किया तो बैग मे 17 नग 315 बोर के देशी कट्टे एवं 13 नग 315 बोर के जिंदा राउंड रखे मिले। आरोपी के कब्जे से मिले कट्टे एवं राउंड की मात्रा व्यवसायिक पाए जाने पर पुलिस द्वारा उसके विरुद्ध धारा 25(1) (ए), 5,25 (1- बी) (ए), 3,26 ए आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मोटरसाइकिल एमपी 30 जेडए 5401 को भी बरामद किया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रामबाबू यादव, उनि, अतुल सिंह, प्रआर, मनोज, दीपक, आर. दीनदयाल, शक्ति, सोनू, भूपेन्द्र, सायबर सैल टीम उनि शिवप्रताप सिंह, उनि अभिषेक जादौन, प्रआर सुदेश आर. रामकिशन, शैलेन्द्र, आर. कुलदीप, राहुल, प्रशांत की सराहनीय भूमिका रही।

**भिंड व ग्वालियर जिले में भी हैं अपराध दर्ज:** पकड़ा गया आरोपी भोलू शातिर किस्म का है, जिस पर जिला ग्वालियर के थाना गोले का मन्दिर, थाना सिरोल व थाना मुरार में अपहरण, लूट, रंगबाजी, फायरिंग कर दहशत फैलाने के अपराध पंजीबध्द है तथा भिण्ड जिले के गोहद थाने में डकैती, लूट, अवैध हथियार संबंधी अपराध पंजीबध्द है। आरोपी व्दारा एक वर्ष पूर्व गोले के मन्दिर क्षेत्र से अपने साथियों के साथ प्रोपर्टी डीलर का अपहरण कर फिरोती की मांग की गई थी। आरोपी से गहन पूछताछ कर अन्य तस्करों के संबंध में जानकारी एकत्रित की जा रही है।

### चुनाव में खपाने के लिए लाई गई 80 पेटी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**मुरैना, देशबन्धु।** जिले की सबलगढ़ थाना पुलिस ने गुरुवार की रात पिपरघान रोड पर बने एक मकान से अवैध शराब की 80 पेटी बराबर की है, जो विधानसभा चुनाव में खपाने के लिए लाई गई थी। पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया गया है। एसडीओपी सबलगढ बी.पी. तिवारी के निर्देशन में गुरुवार की रात रामनरेश यादव थाना प्रभारी सबलगढ को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि जितेन्द्र सिंह उर्फ गबडू पुत्र भीम सिंह जादौन निवासी बत्तोखर हाल पिपरघान रोड सबलगढ द्वारा पिपरघान रोड पर बने मकान में विधानसभा चुनाव में खपाने के लिये अवैध रूप से देशी शराब की पेटियां लाकर रखे हुए है। उक्त सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा पुलिस बल के साथ छापा मारकर कार्रवाई की तो आरोपी के यहां से 80 पेटी (720 लीटर) देशी मदिरा मसाला शराब कीमती करीब 4 लाख रूपये बरामद की गई। सबलगढ़ थाना पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध 34 (2) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया है तथा आरोपी से पूछताछ की जा रही है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक रामनरेश यादव, उनि पारथ सिंह परिहार, उनि वीर सिंह जोनवार उनि जे.पी. शर्मा, उनि राजेश कुमार गर्ग, प्र.आर. संतोष कुमार की मुख्य भूमिका रही।

### कांग्रेस नेताओं का आरोप हार की आहट से बौखला कर भाजपा रच रही षडयंत्र

# यादवेंद्र सिंह को चुनाव जिताने मैदान में उतरेगी जनता: सुषमा सिंह

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** गुरुवार 19 अक्टूबर की सुबह कांग्रेस नेता यादवेंद्र सिंह के निवास पर पहुंची असम सीआईडी की टीम द्वारा गोवाहाटी उच्च न्यायालय के निर्देश पर वर्ष 2022 में की गई धोखाधड़ी के एक मामले में जांच एवं शाश्वत सिंह से पूछताछ करके उनका मोबाइल, आधार कार्ड एवं पेन कार्ड को जप्त किया गया। असम सीआईडी की कार्यवाही के बाद शुक्रवार 20 अक्टूबर को कांग्रेस जिलाध्यक्ष नवीन साहू की उपस्थिति में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुषमा सिंह बुंदेला, नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव शाश्वत सिंह ने पत्रकार वार्ता करके अपना पक्ष सामने रखा। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पार्टी के जिलाध्यक्ष नवीन साहू ने कहा कि उन्होने सारे मामले से प्रदेश और केंद्र के नेताओं को अवगत करा दिया है। उन्होने कहा कि भाजपा नेताओं द्वारा षडयंत्र के तहत कांग्रेसी नेताओं को परेशान करने के लिए इस प्रकार के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं, इन षडयंत्रों का कांग्रेसी कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र की जनता द्वारा समुचित जबाब दिया जाएगा। इस अवसर पर कांग्रेस प्रत्याशी एवं प्रदेश के पूर्व मंत्री यादवेंद्र सिंह बुंदेला की पत्नि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुषमा सिंह ने कहा कि जिला पंचायत और नगर पालिका के चुनाव से ही उनके परिवार के विरुद्ध लगातार षडयंत्र रचते हुए झूठे मुकदमें दर्ज करवाए जा रहे हैं। उन्होने कहा कि जिला पंचायत का चुनाव जीतने के लिए नगर पालिका चुनाव के दौरान हुए विवाद को विराट रुप देकर उनके पति यादवेंद्र सिंह सहित पुत्र शाश्वत सिंह, आकाश सिंह एवं भतीजों के ऊपर गंभीर धाराओं में मुकदमें दर्ज कराए गए। इस षडयंत्र मे भाजपाई सफल भी हो गए। श्रीमती सिंह ने कहा कि वर्ष 2022 में विधानसभा प्रत्याशी के लिए उनके पुत्र शाश्वत सिंह के नाम पर चर्चा शुरु होते



ही उनके खिलाफ षडयंत्र रचने की शुरुआत हो गई और इसी का परिणाम अब दिखाई दे रहा है। श्रीमती सिंह ने कहा कि अपनी हार से बौखलाकर भाजपा नेताओं द्वारा इस प्रकार के षडयंत्र रचे जा रहे हैं लेकिन क्षेत्र की जनता अब इन्हे सफल नहीं होने देगी। नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार ने कहा कि प्रशासन को निष्पक्ष तरीके से चुनाव संपन्न कराने का प्रयास करना चाहिए। इस प्रकार की घटनाओं से विधानसभा क्षेत्र में गलत संदेश जाएगा। इस अवसर पर युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव शाश्वत सिंह ने कहा कि यदि उनके खिलाफ वर्ष 2022 में असम में कोई शिकायत दर्ज कराई गई थी तो उन्हे उसी समय पूछताछ के लिए बुलाया जाना चाहिए था, लेकिन उन्हे इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई। श्री सिंह ने कहा कि अचानक उनके घर पहुंची असम सीआईडी की टीम से उन्हे यह मालूम हुआ कि वर्ष 2022 में असम में कोई धोखाधड़ी का मामला हुआ है और उस मामले में उन्हे भी आरोपी बनाया गया है।

# कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने आमजन से किया संवाद



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने शुक्रवार 21 अक्टूबर को थाना लिधौरा अंतर्गत ग्राम महेवा चक्र 1, महेवा चक्र 3, खरों, भदरई, उदयपुरा, बारी, लिधौरा, बराना के मतदान केंद्रों का भ्रमण कर आमजनों से जन संवाद कर विश्वास पर्चियों का वितरण किया। इसके साथ ही जिले के प्रमुख अधिकारियों ने निष्पक्ष मतदान कराने का आश्वासन देकर बिना डर भय के स्वेच्छा से मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## आबकारी विभाग की अंर्तजिला सीमा बैठक आयोजित

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश शर्मा के निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय टीकमगढ़ में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। अंतर्राज्यीय जिलों में स्थित अंर्तजिला के आबकारी अधिकारियों की मीटिंग सम्पन्न हुयी। मीटिंग में जिला टीकमगढ़, निवाड़ी, छतरपुर, झांसी, ललितपुर उ.प्र. के आबकारी अधिकारीगण शामिल हुये। मीटिंग में उ.प्र. आबकारी विभाग के हर्ष बाबू यादव, आबकारी निरीक्षक नारायण गुप्ता, आबकारी निरीक्षक एवं टीकमगढ़ जिला आबकारी अधिकारी पतरस बड़ा, निवाड़ी के विजय कुमार चौधरी, जिला आबकारी अधिकारी छतरपुर अजय वर्मा एवं टीकमगढ़ सुशील श्रीवास्तव एवं विजय सिंह आबकारी उपनिरीक्षक उपस्थित रहे। बैठक में चुनाव आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार दोनो राज्यों की सीमा पर अवैध मदिरा के चौर्यनयन की रोकथाम हेतु चर्चा की गयी। सीमावर्ती जिलों पर स्थित मदिरा दुकानों के संबंध में चर्चा हुयी, जिसमें म.प्र. की सीमा से 3 कि.मी. दूरी पर स्थित मदिरा दुकानों के संबंध में जानकारी ली गयी तथा उ.प्र. आबकारी विभाग के अधिकारियों को चुनाव शुरू होने के पश्चाात मतदान समाप्त होने के 48 घंटे पूर्व सीमा से लगने वाली मदिरा दुकानों को बंद करवाने हेतु कहा गया। टीकमगढ़, निवाड़ी एवं छतरपुर जिलों की सीमा से लगे उ.प्र. के जिले झांसी, ललितपुर की दुकानों की जानकारी भी ली गई। अवैध मदिरा के चौर्यनयन एवं हाथ भटटी शराब के निर्माण के क्षेत्रों से होने वाली तस्करी में उ.प्र. आबकारी विभाग में अधिकारियों से सहयोग एवं संयुक्त दविश हेतु विशेष चर्चा की गई।

# कई वार्डों में पेयजल सप्लाई व्यवस्था ठप्प

**पलेरा, देशबन्धु।** नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा बरती जा रही लापरवाही के चलते वार्ड वासियों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। नगर के कई बार्डो में एक बार फिर पेयजल सप्लाई की व्यवस्था गड़बड़ा गई है। कुछ वार्डों में रहने वाले लोगों को पिछले 5 दिन से पानी नहीं मिला है। मजबूरन नगर के वार्डों में लोग पीने के पानी के लिए कतारों में खड़े दिख रहे हैं। लोगों का कहना है कि सप्लाई का भी कोई समय निर्धारित नहीं है। लगातार शिकायतों के बाद भी पेयजल व्यवस्था को सुधारने के लिए कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वार्डों में पानी की टंकियां नहीं भरने से कई क्षेत्रों में कम दबाव से पानी पहुंच रहा है, तो वहीं कई वार्डों में लोगों को गंदा पानी मिल रहा है। लगातार पेयजल व्यवस्था को लेकर लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है। स्थानीय वार्ड वासियों ने बताया कि नगर परिषद की लापरवाही के चलते नगर के आधा दर्जन वार्डों में आज भी भीषण पेयजल संकट बना हुआ है। नगर के नागरिक पानी पैसों से खरीद रहे हैं। नगर



के वार्ड क्रमांक 5, 9 तथा 10 के कई हिस्सों में नागरिक भीषण पेयजल संकट से त्रस्त होकर दिन-रात पानी की व्यवस्था में दिखाई दे रहे हैं।

## उप्र पुलिस और सीआईएसएफ ने निकाला फ्लेग मार्च

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** आदर्श आचार संहिता के तहत जिले में पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सासत्या के मार्गदर्शन में शुक्रवार 21 अक्टूबर को थाना बम्होरीकला अंतर्गत एरिया डोमिनेशन हेतु टीकमगढ़ पुलिस, सीआईएसएफके सशस्त्र जवानों की संयुक्त टीम के द्वारा एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के नेतृत्व में थाना प्रभारी बम्होरीकला उप निरीक्षक नीतेश जैन, चौकी प्रभारी कनेरा उप निरीक्षक आकाश रूसिया की उपस्थिति में थाना बम्होरी कला के क्षेत्र व उत्तर प्रदेश की सीमा से लगने वाले ग्राम बमोरी कला, कलरा, कंजना, पहाड़ी बुजुर्ग, काकनपुरा, सिमरा, बराना, कपासी, कुड़याला, खरगूपुरा, मवई, रतवास, इटायली में प्रभावी फ्लैग मार्च कर लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित कर विश्वास पर्ची, रेड कार्ड, यलो कार्ड एवं ग्रीन कार्ड वितरित करके निर्भीक होकर मतदान करने को प्रेरित किया गया।

# पूरे जोश के साथ चुनावी मैदान में उतर जाएं कार्यकर्ता: विधायक



**पलेरा, देशबन्धु।** लोकतंत्र का सबसे खूबसूरत त्योहार चुनाव होता है। इस चुनाव में एक-एक वोटर की काफी ज्यादा अहमियत होती है, क्योंकि महज एक वोट से किसी की सरकार भी गिर सकती है और एक ही वोट से नेता चुनाव जीतते भी हैं और सरकार का गठन भी करते हैं। ऐसा ही माहौल जतारा विधानसभा क्षेत्र में नजर आ रहा है। बीते रोज विधायक हरिशंकर खटीक ग्रामीण क्षेत्र का दौरा करते हुए नजर आए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों से मुलाकात करते हुए पूरे जोश के साथ चुनावी मैदान में उतरने को कहा। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के दम पर पुन: भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता ने हमेशा विकास को चुना है। क्षेत्र में किए गए विकास कार्य जनता की जुबान पर हैं। विधायक हरिशंकर खटीक ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में किए गए बिकास कार्यों को जनता के लिए समर्पित किया है। जिसका जवाब जतारा विधानसभा क्षेत्र की जनता ने भाजपा को वोट देकर पिछले चुनाव में ऐतिहासिक जीत के साथ दर्ज कराया था।

### पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न

# कलेक्टर ने अनुपस्थित 52 कर्मचारियों पर कार्यवाई के दिए निर्देश

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश शर्मा के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नवीत कुमार धुर्वे के मार्गदर्शन में मतदान दल का प्रथम प्रशिक्षण अशासकीय पुष्पा इंग्लिश मीडियम स्कूल शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-1 टीकमगढ़, पीजी कॉलेज टीकमगढ़ में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में कलेक्टर श्री शर्मा के द्वारा स्वयं विशेष बिंदुओं की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में 2692 लोगों में से 52 लोग अनुपस्थित रहे। कलेक्टर श्री शर्मा ने अनुपस्थित कर्मचारियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिये। प्रशिक्षण कार्य हेतु राज स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ. आजाद अहमद मंसूरी, डॉ. हरिमोहन राय, डॉ. एबी खरे एवं 70 मास्टर ट्रेनर के द्वारा विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया एवं पोस्टल बैलेट हेतु फॉर्म 12 नोडल अधिकारियों द्वारा भरवाया गया। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतदान दल के कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व, मतगणना एजेंटों की मतदान केंद्र पर नियुक्ति, मतदान केंद्र पर एक दिन पूर्व की जाने वाली कार्यवाही, मतदान के पूर्व की तैयारी एवं माकपोल, मतदान की पूर्व तैयारी एवं माकपोल, माकपोल का क्रम, माकपोल के दौरान मशीनों का परिवर्तन, माकपोल के पश्चात मशीनों की सीलिंग, वास्तविक मतदान प्रारंभ, मतदान केन्द्र में प्रवेश हेतु अनुमत्त व्यक्ति, मतदान केंद्र पर मतदाताओं के प्रवेश का विनिमय, मतदान केंद्र और आस पास निर्वाचन विधि का प्रवर्तन, मतदान प्रक्रिया, मतदान कें दौरान की विशेष स्थितियां, बैटरी का विस्थापन, व्हीव्हीपीएटी पेपर स्लिप पर गलत प्रिंट, मतदान समाप्ति पर कार्यवाही, निर्वाचन अभिलेख तैयार करना एवं पैकिंग,किंग, बुकलेट प्रपत्र, आदि की जानकारी दी गई। इसके अलावा पीठासीन अधिकारियों को डज नाट, डू नाट की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण की सम्पूर्ण व्यवस्था हेतु सहायक नोडल जिला परियोजना समन्वयक पीआर त्रिपाठी, सहायक परियोजना समन्वयक शैलेष श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

### माता के पंडालों में बह रही भक्ति की गंगा

# मां दुर्गा की पूजा अर्चना करके आशीर्वाद ले रहे भक्त



**दिगौड़ा,देशबन्धु।** कस्बे में नवरात्रि के त्यौहार पर कई स्थानों पर सजाए गए पंडालों में देवी मां की आकर्षक झाँकी सजाई गई है। जगह-जगह दुर्गा पंडालों के सजने से कस्बे में भक्ति की गंगा बहने लगी है। देवी माँ की झांकियों में सुबह और शाम को दर्शन करने कई भक्त आते हैं। कस्बे में देवी माँ के इन पंडालों में प्रतिदिन धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। किला परिसर में विराजमान माँ दुर्गा की झांकी ऐतिहासिक किला प्रांगण नवदुर्गा महोत्सव समिति के द्वारा स्थापित की गई है। नवरात्र के पांचवें दिन कमेटी के द्वारा मां दुर्गे के दरबार में संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन किया गया। इसके अलावा कस्बे में पुलिया के पास श्रीगणेश मंदिर के पास विराजमान मां अंबे के दरबार में भी संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन किया गया, जिसमें कस्बे के कई भक्तों ने मां दुर्गा व मां अंबे के दरबार में पहुंच कर भाग लिया। कस्बे के बालाजी मंदिर के पास, कुशवाहा मुहल्ले, देवीजी मंदिर के पास, कारसदेव मंदिर के पास, अंबेडकर मुहल्ले, नदी खिरक मुहल्ले, घुसयाना मुहल्ले, मुख्य बाजार, पुरानी चौकी के पास एवं किला परिसर में स्थापित माँ दुर्गा जी की आकर्षक प्रतिमा एवं झांकी श्रद्धालुओं के लिए भक्ति का केंद्र बना हुआ है। सुबह और शाम आरती के दौरान बच्चे, बुजुर्ग, महिलाऐं एवं पुरुषों द्वारा मां दुर्गा की पूजा अर्चना एवं आरती कर मां दुर्गा की भक्ति में लीन रह कर माँदुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त किया जा रहा है।

### विस चुनाव 2023: अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन की प्रक्रिया आज से होगी प्रारंभ

# तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिये जिला मुख्यालय पर ही मिलेंगे नामांकन पत्र



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 की घोषणा हो चुकी है एवं नाम निर्देशन की प्रक्रिया 21 अक्टूबर 2023 (शनिवार) से प्रारंभ हो रही है। भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा टीकमगढ़ जिले के विधानसभा क्षेत्र 43 टीकमगढ़ के लिये संजय दुबे अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग टीकमगढ़ को रिटर्निंग ऑफिसर अधिसूचित किया गया है। विधानसभा क्षेत्र 44- जतारा (अ.जा) के लिये लोकेन्द्र सिंह सरल अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग जतारा को रिटर्निंग ऑफिसर अधिसूचित किया गया है। विधानसभा क्षेत्र 47- खरगापुर के लिये विजय कुमार सेन अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग को रिटर्निंग ऑफ्सिर अधिसूचित किया गया है। इसके अलावा विधानसभा क्षेत्र 43 टीकमगढ़ के लिये गोविन्द सिंह ठाकुर तहसीलदार टीकमगढ़, विधानसभा क्षेत्र 44-जतारा के लिये कुलदीप सिंह ठाकुर एवं विधानसभा क्षेत्र 47-खरगापुर के लिये पीयूष दीक्षित तहसीलदार बल्देवगढ़ को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के रूप में अधिसूचित किया गया है। जिले की विधानसभा क्षेत्र 43-टीकमगढ़, 44-जतारा (अ.जा.) एवं 47-खरगापुर के लिये नाम निर्देशन पत्र जिला मुख्यालय पर ही प्राप्त किये जा रहे है। 43-टीकमगढ़ के लिये नाम निर्देशन पत्र कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग टीकमगढ़ के समीप जमा होगें। 44-जतारा विधानसभा क्षेत्र के लिये नाम निर्देशन पत्र संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन के प्रथम तल पर स्थित (वित्त कक्ष) कक्ष क्रमांक 110 में जमा किये गये जायेगें तथा 47-खरगापुर विधानसभा क्षेत्र के लिये संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन के प्रथम तल पर स्थित न्यायालय अपर कलेक्टर टीकमगढ़ कक्ष क्रमांक 123 में नाम निर्देशन पत्र जमा किये गये जायेंगे।

## सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी के लिये पुलिस द्वारा की गई चाक-चौबंद व्यवस्थाए

## कुल 6 तिथियों में नाम निर्देशन पत्र जमा किये जा सकेंगे

नाम निर्देशन पत्र जमा करने की प्रक्रिया 21 अक्टूबर 2023 से प्रारंभ होगी, जो 30 अक्टूबर 2023 को पूर्ण होगी। नाम निर्देशन पत्र प्रात: 11 बजे से अपरांह 3 बजे तक जमा किये जायेंगे। शासन द्वारा घोषित अवकाश के दिनों में नाम निर्देशन पत्र जमा नहीं किये जायेंगे। अत: 22 अक्टूबर रविवार, 24 अक्टूबर दशहरा, 28 अक्टूबर महर्षि बाल्मिकी जयंती अवकाश, 29 अक्टूबर रविवार को नाम निर्देशन पत्र जमा नही होंगे। इस प्रकार केवल 21, 23, 25, 26, 27 और 30 अक्टूबर 2023 कुल 6 तिथियों में नाम निर्देशन पत्र जमा किये जा सकेंगे। 31 अक्टूबर 2023 को जमा हुये नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जायेगी, एक नवम्बर तथा दो नवम्बर को अपरांह 3 बजे तक नाम निर्देशन पत्र वापस लिये जा सकते है। उसी दिन अपरांह 3 बजे के बाद सभी अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किये जायेंगे।

## नाम निर्देशन के दौरान आवागमन की व्यवस्था

नाम निर्देशन के समय विधानसभा क्षेत्र 43-टीकमगढ़ के लिये अभ्यर्थी मुख्य सड़क पर स्थित मेन गेट से प्रवेश लेकर अनुविभागीय अधिकारी के न्यायालय की ओर जायेंगे। विधानसभा क्षेत्र 44- जतारा के लिये अभ्यर्थी गेट नंबर 2 (जिला पंचायत की तरफ) से आकर संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन के गेट नंबर एक से प्रथम तल पर पहुंचेंगे। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 47-खरगापुर के लिये अभ्यर्थी गेट नंबर 3 (जिला पंचायत की तरफ) से आकर संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन के गेट नंबर 2 से प्रथम तल पर न्यायालय अपर कलेक्टर के कक्ष में पहुचेंगे। संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी के लिये उप पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में चाक-चौबंद व्यवस्थायें की गईं है। नाम निर्देशन जमा करने के लिये आने वाले अभ्यर्थी सहित केवल 5 लोग नाम निर्देशन कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे। रिटर्निंग ऑफ्सिर के कक्ष की 100 मीटर की परिधि में अभ्यर्थी को केवल 3 वाहनों के माध्यम से आने की अनुमति आयोग द्वारा दी गई है। नाम निर्देशन के लिये आने वाले सभी अभ्यर्थी अपने 3 से अधिक वाहनों को रेलवे ओवरब्रिज तक ही ला सकेंगे, उसके आगे केवल 3 वाहन की अनुमति होगी।

अवैध उत्खनन माफियाओं की पौ बारह

# मुरम भी बेची और खुदाई से हुए गड्ढे पर परकुलेशन मस्टर से पैसा भी निकल जाएगा










**दमोह देशबन्धु।** बांदकपुर क्षेत्र में इन दिनों जमकर अवैध उत्खनन का कार्य जोरों पर चल रहा है जबकि ग्राम वासियों द्वारा जिले के संबंधित अधिकारियों को फोन पर सूचना देने के बावजूद अवैध खनन कारोबारियों पर अधिकारियों की कृपादृष्टि कुछ अलग ही कार्यप्रणाली की ओर इशारा कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बांदकपुर स्टेशन चौराहे के पास असाटी रेस्टोरेंट एवं ढाबा के सामने की ओर एक कालोनी के प्लाट काटे जा रहे हैं जिसमें ग्राम पंचायत गुंजी अंतर्गत नवनपानी रोड से सरकारी जमीन से अवैध उत्खनन करके सैकड़ों डंफर अवैध मुरम का इस्तेमाल किया जा रहा है। ग्राम पंचायत के कुछ जागरूक लोगों द्वारा सरकारी जमीन से इस अवैध मुरम उत्खनन और अवैध व्यवसायिक इस्तेमाल पर जिले के संबंधित अधिकारियों और इंजीनियरों को फोन पर सूचित किया गया परन्तु कोई कार्रवाई ना होती देख मुख्यमंत्री शिकायत निवारण 181 पर भी शिकायत की गयी है।

ग्रामवासियों का कहना है कि उक्त सरकारी जमीन से जेसीबी और डंपरों के द्वारा की जा रही अवैध मुरम उत्खनन में ग्राम पंचायत सरपंच और जिले के एक पुलिस अधिकारी पुत्र की भी बडी भूमिका है जो जेसीबी और डंपरों से अवैध मुरम उत्खनन कर कालोनी बनाने वालों को बेच रहा है साथ ही मुरम हटने के बाद हुए गड्ढे पर फर्जी मस्टर मजदूरी डालकर परकुलेशन टेंक का फर्जी पैसा भी निकाल लिये जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है। अब देखना होगा इस अवैध मुरम उत्खनन का मामला सामने आने के जिम्मेदार अधिकारी सरकार को हो रहे लाखों के रायल्टी नुकसान की वसूली कराते हैं या फिर नजर ए इनायत करके फायदा वांटने का खेल यहां भी जारी रहेगा।

# कांग्रेस प्रत्याशी बनाए जाने पर अजय टंडन का जगह-जगह हुआ स्वागत



**दमोह देशबन्धु।** म.प्र. कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष कमलनाथ एवं अखिल भारतीय कांग्रेस के महासचिव एवं म.प्र प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला द्वारा विधानसभा से पुन: विधायक अजय टडन को कांग्रेस पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी बनाये जाने पर विधानसभा के कांग्रेसजनों के साथ समस्त क्षेत्र की आम जनता में हर्ष व्याप्त है प्रत्याशी बनाये जाने के बाद जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतनचंद जैन के साथ भोपाल से दमोह आगमन पर उनके सैकड़ो हजारो सर्मथकों ने बांसा पहुंचकर क्षेत्रीय लोगों के साथ उनकी भव्य आगवानी की तत्पश्चात् समस्त विधानसभा के कांग्रेसजनों के साथ टोल नाका, कोरासा, बरबासा, सागर नाका, तीन गुल्ली, और जगह जगह फूलमालाओं से उनका अभूतपूर्व स्वागत किया गया। स्वागत सतकार के बाद जिला कांग्रेस कार्यालय की आयोजित बैठक में विधायक अजय टंडन ने कहा कि एक मात्र विधानसभा उपचुनाव में वह भाजपा सरकार के खिलाफ लड़े थे और दमोह की जनता उन्हें 17000 मतो सें विजयी बनाया था। इस बार भी वह दमोह की जनता के स्नेह एवं आर्शीवाद के आकांक्षी है। इस अवसर पर सतीश जैन, लक्ष्मण सींग, राजेंश तिवारी, तिलक सींग, वीरेन्द्र पटेल, बेलु त्रिवेदी, कमलेश उपाध्याय, सुषमा विक्रम सींग, भूपेन्द्र आजवानी, राजा राय, बसंत कुशवाहा, विजय बहादुर सिंह, डी.पी. पटेल, मदन सुमन, कमला निषाद, वीरेन्द्र राजपूत, प्रजु यशोधरन, सीतू पंडा, राजू पांडे, अमर सींग, राजा रौतेला, शैलेन्द्र सींग पार्षद, भूपेंद्र सिंह, आशीष पटेल, अरूण मिश्रा, प्रफुल्ल श्रीवास्वत, अजय सरवरिया, अनिल जैन सहित अनेको कांग्रेसजनों आमजनों की उपस्थिति रही।

## 15 वर्ष से फरार 10 स्थायी वारंट सहित 3000 रुपये का ईनामी आरोपी गिरफ्तार

**दमोह देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक दमोह सुनील तिवारी द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिये फरार आरोपी एवं स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार करने हेतु अभियान चालाया जा रहा है। आरोपियो की धरपकड़ हेतु अति0 पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा दमोह के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में स्थायी वारंटी गिरफ्तारी हेतु टीम का गठन किया गया। टीम प्रभारी सउनि रमाशंकर मिश्रा को नियुक्त किया गया गठित टीम के द्वारा लगातार फरार आरोपियो एवं स्थायी वारंटियो की पता तलाश कर दिनांक 20/10/23 को 15 वर्ष से फरार 10 स्थायी वारंटी एवं 3000 हजार रुपये का ईनामी आरोपी गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है। वारण्टियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों सउनि रमाशंकर मिश्रा, प्र.आर. संजय, सूर्यकांत कामता, आलोक, राकेश, सौरभ, आर. देवेन्द्र, नवीन, आर. चालक राकेश की भूमिका रही।

## मतदान कर्मियों का प्रथम प्रशिक्षण संपन्न



**दमोह देशबन्धु।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर मयंक अग्रवाल द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत दमोह, पथरिया, हटा एवं जबेरा विधानसभा में संलग्न मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण पॉलिटेक्निक कॉलेज दमोह, मॉडल कॉलेज दमोह शासकीय महाविद्यालय हटा एवं डाइट हटा में प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान जिले के 6500 अधिकारी कर्मचारियों को मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के सहायक नोडल अधिकारी एस. एन. हसन, राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर मोहन राय ने हटा में आयोजित प्रशिक्षण में उपस्थित होकर प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं को देखा तथा ट्रेनिंग के संबंध में मतदान दल के सदस्यों से प्रश्न कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता का परीक्षण किया।

# आज से रिटर्निंग आफिसर लेंगे नाम निर्देशन पत्र: कलेक्टर



**दमोह देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन-2023 की घोषण उपरांत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार आज 21 अक्टूबर को जिले की विधानसभा क्षेत्रों में अधिसूचना जारी की जायेगी। 21 अक्टूबर से ही नाम निर्देशन पत्र संबंधित रिटर्निंग ऑफिसरों द्वारा लिये जायेंगे। नाम निर्देशन पत्र की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2023 को अपरान्ह 03 बजे तक रहेगी। 31 अक्टूबर को संवीक्षा तथा 02 नवम्बर को अपरान्ह 03 बजे तक अभ्यर्थिता वापिसी की कार्यवाही की जायेगी। मतदान 17 नवम्बर को संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों पर ई.व्ही.एम. एवं व्ही.व्ही. पेट से संपन्न होंगे। 03 दिसम्बर 2023 को मतगणना संपन्न होगी। यह बात कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल ने मीडिया से चर्चा करते हुये कही। इस मौके पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम मौजूद थीं।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल ने मीडिया को बताया जिले की चारों विधानसभा के रिटर्निंग ऑफिसरों का मुख्यालय दमोह में ही रखा गया है। जिसमें से 54-पथरिया के अभ्यथियों के नामाकंन पत्र प्राप्त करने हेतु तहसील कार्यालय (कलेक्ट्रेट के पास) दमोह के कक्ष क्रमांक 11 में, 55-दमोह के लिये अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम)कार्यालय कक्ष क्रमांक 03 में, 56-जबेरा के लिये जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के कक्ष क्रमांक 43 में एवं 57-हटा के अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र रानी दुर्गावती संयुक्त कर्यालय भवन (कलेक्ट्रेट) जिला कार्यालय के प्रथम तल पर स्थित कक्ष क्रमांक 63 में लिये जायेंगे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकरी श्री अग्रवाल ने बताया निर्वाचन प्रक्रिया को सुलभ एवं व्यवस्थित बनाये रखने हेतु आज 21 अक्टूबर से 02 नवम्बर 2023 तक चयनित परिसरों के 100 मीटर की परिधि में कोई जुलूस रैली, बैण्ड बाजे, डी.जे. वाहन इत्यादि प्रवेश वर्जित कर उक्त परिसर को प्रतिषेध निषिद्ध घोषित किया है।

**नामांकन फार्म के साथ प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज:** उन्होंने बताया फार्म-2 बी, फार्म 26 शपथ पत्र, शपथ/प्रतिज्ञान (अनुच्छेद 173) का प्रारूप (हिन्दी एवं अंग्रेजी), मतदाता सूची की प्रमाणित प्रति (अभ्यर्थी के अन्य विधानसभा के मतदाता होने की स्थिति में) एवं बैंक खाते की जानकारी देनी होगी। आयोग ने अभ्यर्थियों को ऑनलाइन नॉमिनेशन हेतु सुविधा एप पर वैकल्पिक व्यवस्था प्रदान की है, अभ्यर्थी निक्षेप की राशि का भी इसी समय ऑनलाइन चालन जमा कर सकेगा, इस हेतु ऑनलाइन नेट बैंकिग, डेबिट कार्ड, यूपीआई पेमेंट एवं पीओएस आधारित भुगतान किए जा सकते है।

# अवैध शराब जप्त, आरोपी पर की गई कार्रवाई



**दमोह देशबन्धु।** चौकी इमलिया थाना तेजगढ़ के ग्राम लकलका में आरोपी शिवराज पिता मोहन रैंकवार उम्र 24 वर्ष निवासी लकलका से 15 लीटर कच्ची महुआ की शराब एवं 50 किलोग्राम महुआ लहान जप्त कर नष्टीकरण किया एवं आरोपी भारत पिता कलू रैंकवार उम्र 30 वर्ष निवासी लकलका से 13 लीटर कच्ची महुआ की शराब एवं करीब 100 किलो महुआ लहान जप्त कर नष्टीकरण किया गया। दोनों आरोपियों के विरूद्ध धार 34(1) आबकारी एक्ट के तहत् कार्यवाही की गई।

# बृजेन्द्र प्रताप सिंह-भरत मिलन पान्डेय के बीच होगा मुकाबला



**पन्ना, देशबन्धु।** कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रत्याशियो की दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। जिसमें 88 विधानसभाओं के प्रत्याशी घोषित किये गये है। जिसमें पन्ना विधानसभा से पूर्व जनपद अध्यक्ष अजयगढ भरत मिलन पान्डेय को पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया गया है। उनका मुकाबला खनिज मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह से होगा। क्योकि भाजपा द्वारा बृजेन्द्र प्रताप सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है। दोनो प्रत्याशियो के बीच कडा मुकाबला होने की संभावना जताई जा रही है। क्योकि जहां घाटी नीचे अजयगढ क्षेत्र में भरत मिलन को स्थानीय होने के नाते जनता का अच्छा समर्थन मिलने की संभावना है, वहीं दूसरी ओर घाटी उपर पन्ना तथा पहाडीखेडा क्षेत्र में बृजेन्द्र प्रताप सिंह तथा भाजपा को समर्थन मिलने की संभावना है। लेकिन अभी चुनाव मे अन्य दलो के प्रत्याशियो द्वारा भी भाग्य अजमाया जायेगा। देखना होगा कि इस बार के विधानसभा के चुनाव मे किन किन दलो से कौन कौन प्रत्याशी बनकर चुनाव लडेगा। फिलहाल यह 30 अक्टूबर तक ही संभव हो पायेगा। जहां एक ओर भाजपा प्रत्याशी बृजेन्द्र प्रताप सिंह का चुनाव प्रचार जारी हो गया है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस प्रत्याशी भरत मिलन पान्डेय भी अपना चुनाव प्रचार प्रारंभ करेगें।

# पवई के सैकडो कार्यकर्ताओं ने टिकट बदलने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में किया प्रदर्शन




**पन्ना, देशबन्धु।** कांग्रेस पार्टी में लगातार टिकिट वितरित को लेकर विरोध प्रदर्शन जारी है, पवई विधानसभा क्षेत्र में स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा बाहरी प्रत्याशी का विरोध किया है। गौरतलब है कि कांग्रेस पार्टी ने पवई से पूर्व मंत्री मुकेश नायक को टिकिट दिया। ज्ञात हो कि पार्टी द्वारा जारी की गई दूसरी सूची में घोषित तीन विधानसभा के प्रत्याशियों की टिकट बदलकर अन्य को दी गई है। इसलिए पवई में भी बदली जाये। पवई विधानसभा के हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर पूर्व मंत्री मुकेश नायक का पुतला फूंका। गौरतलब है की पवई विधानसभा क्षेत्र में क्षेत्रीय संघर्ष समिति द्वारा क्षेत्रीय प्रत्याशी की मांग शीर्ष नेतृत्व से की जा रही थी लेकिन प्रदेश, केंद्रीय नेतृत्व ने पवई के लोगों की मांग को अनसुना कर दिया। ग्रामीणों ने विधानसभा के कोने-कोने में मुकेश नायक का पुतला दहन किया था। वहीं दूसरी सूची जारी होने पर मुकेश नायक की टिकट ना कटने के कारण हजारों की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों द्वारा विरोध प्रदर्शन कर मुकेश भगाओ, पवई बचाव के जमकर नारे लगाए।

तत्पश्चात मीडिया से मुखातिब होते हुए किसान कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री जवाहर कुशवाहा ने कहा की बाहरी प्रत्याशी पवई में नहीं चलेगा जब दूसरी सीटों पर विरोध के बाद प्रत्याशी बदले गए तो इतने ज्यादा विरोध के बाद भी पवई में मुकेश नायक को क्यों नहीं बदला गया। साथ ही पन्ना जिले की दोनों पवई, पन्ना में भी पिछड़े वर्ग की अनदेखी की गई जिसका खामियाजा कांग्रेस पार्टी को भुगतना पड़ेगा। लोकसभा विधानसभा में बाहरी भगोड़े स्वीकार नहीं किए जाएंगे। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी, गिरधारी लाल लोधी सहित सैकडो लोग उपस्थित रहें।

# राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों के लिए दिशा निर्देश

*__पन्ना, देशबन्धु।__ मप्र में 9 अक्टूबर से विधानसभा निर्वाचन.2023 की आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श चुनाव आचरण संहिता के संबंध में राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों के लिए विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के अनुसार सामान्य आचरण के तहत किसी भी राजनीतिक दल या अभ्यर्थी को ऐसी किसी गतिविधि में शामिल नहीं होना चाहिए, जिससे भिन्न जातियों और धार्मिक या भाषायी समुदायों के बीच विद्यमान मतभेद अधिक गंभीर हो सकते हैं या परस्पर नफरत हो सकती है या तनाव पैदा हो सकता है। यदि राजनीतिक दलों की आलोचना की जाए, तो यह उनकी नीतियों और कार्यक्रमों, गत रिकॉर्ड और कार्य तक ही सीमित रखी जाएगी। दलों और अभ्यर्थियों को अन्य दलों के नेताओं या कार्यकर्ताओं की सार्वजनिक गतिविधियों से असंबद्ध निजी जीवन के सभी पहलुओं की आलोचना करने से बचना होगा। असत्यापित आरोपों या मिथ्या कथन के आधार पर अन्य दलों या उनके कार्यकर्ताओं की आलोचना करने से बचना होगा। मत प्राप्त करने के लिए जाति या संप्रदाय की भावनाओं के आधार पर कोई अपील नहीं की जाएगी। मंदिर, मस्जिद, चर्च और पूजा के अन्य स्थलों को निर्वाचन के प्रचार के मंच के रूप में प्रयुक्त नहीं किया जाएगा। कोई भी राजनैतिक दल या अभ्यर्थी अपने अनुयायियों को किसी भी व्यक्ति की अनुमति के बिना उसकी भूमि, भवन, परिसर की दीवारों इत्यादि पर झंडा लगाने, बैनर लटकाने, सूचना चिपकाने, नारा लिखने इत्यादि की अनुमति नहीं देगा। राजनैतिक दल या अभ्यर्थी स्थानीय पुलिस प्राधिकारियों को किसी भी प्रस्तावित सभा के स्थल और समय के बारे में काफी पहले से सूचित करेंगे ताकि पुलिस यातायात को नियंत्रित करने और शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्था कर सके। जुलूस का आयोजन करने वाला दल या अभ्यर्थी जुलूस शुरू करने का स्थान और समय, अनुगमन किए जाने वाले मार्गों और जुलूस समाप्त होने का स्थान और समय पहले से ही तय करेगा। साधारण तौर पर कार्यक्रम में कोई परिवर्तन नहीं होगा। आयोजक स्थानीय पुलिस प्राधिकारियों को कार्यक्रम की अग्रिम सूचना देंगे, जिससे स्थानीय पुलिस प्राधिकारी आवश्यक व्यवस्था कर सकें। यदि दो या अधिक राजनीतिक दल या अभ्यर्थी जुलूस को समान रास्तों या उसके किसी भाग से एक ही समय पर ले जाने का प्रस्ताव देते हैं, तो यह सुनिश्चित करने के लिए कि दोनों जुलूस आपस में न टकराएं या यातायात में बाधा उत्पन्न न करें, आयोजक अग्रिम रूप से संपर्क करेंगे और अपनाये जाने वाले उपायों के बारे में निर्णय लेंगे। मतदान दिवस के लिये राजनीतिक दल और अभ्यर्थी सभी राजनीतिक दल और अभ्यर्थी शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित मतदान और मतदाताओं को किसी भी तरह से परेशान किए बिना या कोई अड़चन पैदा किए बिना उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने की पूरी स्वतंत्रता का सुनिश्चय करने के लिए निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों के साथ सहयोग करेंगे। अभ्यर्थी अपने प्राधिकृत कार्यकर्ताओं को उचित बैज और पहचान पत्र प्रदान करेंगे। कोई पोस्टर, झंडा, प्रतीक या कोई अन्य प्रचार सामग्री प्रदर्शित नहीं करेंगे। मतदान बूथ मतदाताओं को छोड़कर, ऐसा कोई व्यक्ति मतदान बूथ के भीतर प्रवेश नहीं करेगा जिसके पास निर्वाचन आयोग का कोई मान्य प्रवेश पत्र नहीं है।*

## नगर परिषद द्वारा मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई




**पन्ना, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 को मद्देनजर रखते हुए मतदाताओं को जागरूक करने हेतु नगर में जागरुकता रैली निकाली गई। उक्त रैली नगर परिषद के तत्वाधान में जयस्तम्भ चौक से मुख्य मार्ग होते हुए पुराना बस स्टैण्ड से कछियाना मोहल्ला, पुलिस थाना के सामने से बस स्टैण्ड होते हुए जय स्तम्भ चौक पर समापन किया गया। इस दौरान एसडीएम सत्यनारायण दर्रो के द्वारा उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारी, छात्र-छात्राओं को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। उक्त रैली में शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय की प्राचार्य रागिनी नामदेव, प्राचार्य कन्या उ.मा.विद्यालय के प्राचार्य इंद्रेश अवस्थी, प्राचार्य महाविद्यालय अरविल कुजूर अपने कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को लेकर शामिल हुए। रैली में संजय रैकवार अपने एनसीसी कैडेट्स के साथ शामिल हुए। रैली में मतदाताओं को जागरूक करने हेतु छात्र-छात्राएं नारे लगाते रहे तथा सभी अधिकारी कर्मचारीगण मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित करते रहे। रैली में सबसे आगे नगर परिषद का जागरुकता रथ चल रहा था जिसमें मतदाताओं को जागरूक करने से संबंधित गाने बजाए जा रहे थे। उक्त रैली में जनपद पंचायत के सीईओ सतीश चन्द्र नागवंशी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र सिंह, रमाकांत बागरी, बृजेन्द्र तिवारी, भरत मिश्रा, संजय जैन, राहुल धूरिया, आदित्य श्रीवास्तव आदि अन्य विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

उम्मीदवार को नामांकन पत्र के साथ जमा करना होगा शपथ पत्र

# प्रत्येक उम्मीदवार को देना होगा अपराधिक रिकार्ड का विवरण

**पन्ना, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 की अधिसूचना 21 अक्टूबर को जारी की जाएगी। इसी दिन से नामांकन पत्र दाखिल करने प्रक्रिया आरंभ होगी। कलेक्ट्रेट कार्यालय में विधानसभा क्षेत्र पन्ना, पवई और गुनौर के लिए नामांकन पत्र दाखिल किये जायेंगे। आवेदन पत्रों को जमा करने के लिए रिटर्निंग आफीसर, सहायक रिटर्निंग आफीसर तथा उनके सहायक कर्मचारी तैनात कर दिए गए हैं। नामांकन पत्र के साथ प्रत्येक उम्मीदवार को अपराधिक रिकार्ड का विवरण भी देना होगा। सभी उम्मीदवार नामांकन पत्र दाखिल करते समय निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करते हुये नामांकन पत्र के साथ उम्मीदवार निर्धारित प्रपत्र 26 में आपराधिक प्रकरण के संबंध में शपथ पत्र देंगे। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार उम्मीदवार को अपने पूर्व के प्रचलित आपराधिक प्रकरण एवं दोषसिद्ध प्रकरण के संबंध में घोषणा पत्र देना होगा। उम्मीदवार निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रारूप में सभी विवरण दर्ज करके नामांकन पत्र के साथ प्रस्तुत करेंगे। यदि उम्मीदवार किसी राजनैतिक दल की ओर से चुनाव लड़ रहा है तो उसे आपराधिक प्रकरण के संबंध में उस राजनैतिक दल को भी सूचना देनी होगी। राजनैतिक दल उम्मीदवार के लंबित आपराधिक प्रकरण की जानकारी दल की वेबसाइट पर दिखाएंगे। साथ ही राजनैतिक दल इस संबंध में एक घोषणा जारी करेंगे जिसे समाचार पत्रों एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया में प्रसारित प्रकाशित करना आवश्यक होगा।

नामांकन पत्र भरने के बाद कम से कम तीन बार लंबित आपराधिक प्रकरण के संबंध में घोषणा स्थानीय समाचार पत्रों एवं टीव्ही चैनलों में प्रसारित करना अनिवार्य होगा। इनका प्रसारण नाम वापसी की समय सीमा समाप्त होने से मतदान के 48 घंटे पहले तक कि अवधि में किया जाना है। आयोग द्वारा आपराधिक प्रकरणों की जानकारी देने के लिए प्रपत्र सी.1 निर्धारित किया गया है। उम्मीदवार प्रपत्र सी.2 में अपने राजनैतिक दल को लंबित प्रकरणो की जानकारी देंगे। जिसे दल की वेबसाइट में प्रदर्शित किया जाएगा। उम्मीदवार प्रपत्र सी.3 में रिटर्निंग आफीसर को लिखित में जानकारी देंगे। प्रपत्र 26 के कॉलम 5 एवं 6 में आपराधिक प्रकरणों की जानकारी दी जायेगी। सभी उम्मीदवार इन निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करेंगे।

# कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने रिटर्निंग अधिकारी कार्यालयों का किया निरीक्षण



**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी के साथ सागर, नरयावली, खुरई, बीना, राहतगढ़ रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी, सिटी मजिस्ट्रेट शैलेंद्र सिंह, अशोक सेन, विजय डहेरिया, रविश श्रीवास्तव, देवेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि 21 अक्टूबर से प्रातः 11 बजे से नाम निर्देशन की प्रक्रिया आयोग के निर्देशानुसार प्रारंभ की जा रही है जिसमें सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं। आप सभी कार्यालय परिसर में आवश्यक वेरिकेटिंग कराई जाए। जिसमें मात्र तीन वाहन प्रवेश कर सके, अभ्यर्थी सहित चार व्यक्ति रिटर्निंग अधिकारी कक्ष में प्रवेश करेंगे। संपूर्ण रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। समय-समय पर स्पीकर के माध्यम से आयोग के निर्देशों की जानकारी दी जावे। सागर विधानसभा क्षेत्र के नाम निर्देशन कलेक्टर कार्यालय के भूतल पर जमा होंगे। कलेक्टर कार्यालय के गेट क्रमांक 2 से अभ्यर्थी एवं उनके साथ चार सहयोगी प्रवेश कर सकेंगे। इसी प्रकार नरयावली विधानसभा क्षेत्र के आवेदन नाम निर्देशन पत्र एसडीएम कार्यालय सागर में जमा होंगे। जिनके लिए एसडीएम कार्यालय पहुंचने के समस्त मार्गों पर आवश्यक बैरिकेटिंग कर सीसीटीवी कैमरे लगाएं जावे। संपूर्ण प्रक्रिया की पूरे समय वीडियोग्राफी की जाएं। नाम निर्देशन कक्ष में मीडिया प्रतिबंधित रहेगा, किंतु रिटर्निंग अधिकारी द्वारा फोटो एवं वीडियो जिला जनसंपर्क कार्यालय को उपलब्ध कराकर जारी करने की व्यवस्था की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि सभी रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय परिसर में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। चलित मोबाइल भी सक्रिय रहेगी। उन्होंने समस्त अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए पुलिस एवं जिला प्रशासन को सहयोग करें।


## मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी के साथ खुरई, बीना, राहतगढ़ के संवेदनशील, अति संवेदनशील मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी रविश श्रीवास्तव, देवेंद्र प्रताप सिंह, अशोक सेन, एसडीओपी सुमित, प्रशांत कुमार सुमन सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारियों के साथ बीना के राम वार्ड, डीएबी स्कूल, शास. उच्च. माध्य. विद्यालय बीना के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि मतदान केंद्र पर रैंप, पानी, शौचालय, प्रकाश सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जावे। संवेदनशील एवं अति संवेदनशील केंद्र होने के कारण पूरे समय वीडियोग्राफी की जाए। खुरई के पं. केसी शर्मा स्कूल में बनने वाले 6 मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। राहतगढ़ के विभिन्न मतदान केन्द्रों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी मतदान केंद्रां पर दो दरवाजे आवश्यक रूप से हो, जिसमें एक तरफसे आने एवं दूसरी तरफसे जाने के लिए रास्ता सुनिश्चित कराया जावे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सभी मतदान केन्द्रों पर आयोग के निर्देशानुसार कार्रवाई की जाएगी संवेदनशील अति संवेदनशील केन्द्रों पर वेबकास्टिंग, वीडियोग्राफी कराई जाएगी एवं अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किया जाएगा।

### कांग्रेस ने जिले की शेष चार सीटों पर प्रत्याशी किये घोषित

## सागर से निधि जैन, रहली से ज्योति पटेल, खुरई से रक्षा राजपूत एवं बीना से निर्मला सप्रे को बनाया उम्मीदवार



**सागर, देशबन्धु।** गुरुवार देर रात को कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की सूची जारी की। जिसमें कांग्रेस ने जिले की शेष बची चार विधानसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। कांग्रेस द्वारा जारी की गई दूसरी सूची में चारों सीटों पर महिलाओं को प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस ने सागर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी शैलेंद्र जैन के सामने उनके छोटे भाई पूर्व विधायक सुनील जैन की पत्नि निधि जैन को मैदान में उतारा है। दोनों प्रमुख पार्टियों द्वारा एक ही परिवार के सदस्यों को चुनाव मैदान में प्रत्याशी बनाकर उतारने से सागर विधानसभा चुनाव दिलचस्प बन गया है। ज्ञात हो कि निधि जैन ने हालही में हुए निकाय चुनाव में कांग्रेस से महापौर का चुनाव लड़ा था जिसमें वे भाजपा प्रत्याशी संगीता तिवारी से 12 हजार 665 वोटों के अंतर से पराजित हुई थीं। निधि की जैन समाज विशेषकर महिला वर्ग में अच्छी पकड़ है। उनके पति सुनील जैन देवरी से विधायक रहे चुके हैं। वहीं कांग्रेस ने जिले की बहुचर्चित सीट रहली विधानसभा से भाजपा के प्रत्याशी और लगातार 8 बार से विधायक व मंत्री गोपाल भार्गव के सामने ज्योति पटेल को अपना उम्मीदवार बनाया है। मंत्री भार्गव के खिलाफ कांग्रेस की ज्योति पटेल अपना पहला विधानसभा चुनाव लड़ेंगी। ज्योति वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य हैं। रहली विधानसभा में कुर्मी पटेल समाज के 35-40 हजार वोटर हैं। खुरई विधानसभा सीट से नगरीय प्रशासन मंत्री और भाजपा के प्रत्याशी भूपेंद्र सिंह के सामने कांग्रेस ने रक्षा राजपूत को उम्मीदवार बनाकर मैदान में उतारा है। अरुणोदय चौबे के कांग्रेस छोड़ने के बाद रक्षा राजपूत खुरई में कांग्रेस की एक मजबूत नेत्री के तौर पर उभर कर सामने आई थीं। वे लगातार क्षेत्र में सक्रिय बनी रहीं। अरूणोदय चौबे की कांग्रेस में वापसी के बाद कयास लगाए जा रहे थे कि कांग्रेस उन्हें चुनाव मैदान में उतारेगी लेकिन उनके विरुद्ध दर्ज आपराधिक मामलों के कारण कांग्रेस ने रक्षा को उम्मीदवार बनाया है। वहीं बीना विधानसभा सीट पर कांग्रेस ने निर्मला सप्रे को प्रत्याशी घोषित किया है। निर्मला सप्रे ने वर्ष 2009 में सरकारी शिक्षिका की नौकरी छोड़कर यूथ कांग्रेस से जुड़कर राजनीति की शुरुआत की थी। साल 2009 में कांग्रेस ने निर्मला सप्रे को बीना से नगर पालिका अध्यक्ष का टिकट दिया था जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद पार्टी ने 2013 विधायक का टिकिट दिया था जिसमें वे भाजपा प्रत्याशी धरमू राय से 18769 वोट से पराजित हुई थीं। 2018 में उनका टिकट काटकर शशि कैथोरिया को दिया। वे काफी कम अंतर से चुनाव हारे थे, लेकिन बाद में भाजपा में शामिल हो गए। वहीं निर्मला लगातार सक्रिय रहीं। इसी का फायदा उन्हें मिला। बीना नगर में खटीक समाज बड़ा वोट बैंक है। हालांकि बीना विधानसभा सीट पर भाजपा ने अब तक अपना उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। कयास लगाए जा रहे हैं कि भाजपा यहां पर किसी नए चेहरे को मौका दे सकती है।

**सागर जिले में आमने सामने**

| विस का नाम | भाजपा | कांग्रेस |
|---|---|---|
| सागर | शैलेन्द्र जैन | निधि जैन |
| नरयावली | प्रदीप लारिया | सुरेन्द्र चौधरी |
| रहली | गोपाल भार्गव | ज्योति पटेल |
| सुरखी | गोविंद सिंह | नीरज शर्मा |
| खुरई | भूपेन्द्र सिंह | रक्षा राजपूत |
| बण्डा | वीरेन्द्र सिंह | तरवर सिंह |
| देवरी | बृजबिहारी पटेरिया | हर्ष यादव |
| बीना | अभी तय नहीं | निर्मला सप्रे |

## डकैती की योजना बनाते हुये 5 आरोपियो को आग्नेय शस्त्रों, घातक अस्त्रों व वाहनों के साथ किया गिरफ्तार



**सागर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा एवं नगर पुलिस अधीक्षक यश बिजौरिया के निर्देशन में शहर में सघन चैकिंग अभियान चलाकर आदर्श आचार सहिंता का पालन कराने पर जोर दिया जा रहा है, पुलिस के द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। गुण्डे एवं निगरानी बदमाशो पर भी लगातार कार्यवाहियां की जा रही हैं। शुक्रवार 20 अक्टूबर के मध्य रात्रि थाना प्रभारी मोतीनगर निरीक्षक संधीर चौधरी मुखबिर के द्वारा सूचना मिली कि 5 सशस्त्र बदमाश कट्टा, रॉड, तलवार, चाकू और लूट की अन्य सामग्रियां लेकर बालाजी मंदिर की पहाड़ी में बैठकर डकैती करने की योजना बना रहे हैं। सूचना पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करते हुये आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त कर 4 टीमें तैयार करके मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर घेरा बंदी करने पर पाया कि उक्त 5 सशस्त्र बदमाश आपस में कनेरा देव चौराहे के पास स्थित आदित्य पेट्रोल पंप को लूटने की योजना बना रहे थे और उनकी दो, दो पाहिया वाहन भी वहीं खडे थे। दाबिश देने पर मौके पर थाने का नामचीन गुण्डा राजा पिता परमानंद कोरी उम्र 25 साल, अंकित पिता परमानंद कोरी उम्र 21 साल दोनो निवासी काकागंज वार्ड सागर, सौरभ पिता स्व. परमानंद कोरी उम्र 24 साल निवासी रविशंकर वार्ड सागर, टीकाराम पिता स्व. मदन लाल कोरी उम्र 27 साल निवासी धर्मश्री सागर और संजू उर्फ संजय पिता हरिकिशन पटैल उम्र 28 साल निवासी पंतनगर वार्ड सागर को हिरासत में लिया गया। जिसमें आरोपी राजा कोरी के पास से एक देशी पिस्टल दो जिन्दा राउण्ड व एक सफेद रंग की एक्सिस स्कूटर, आरोपी अंकित कोरी से एक लोहे की तलवार, आरोपी सौरभ कोरी से 315 बोर का देशी कट्टा व राउण्ड, आरोपी टीकाराम कोरी से एक लोहे का सब्बल व नायलोन की रस्सी तथा आरोपी संजू उर्फ संजय पटैल से एक लोहे की तलवार व एक मोटरसाईकिल जब्त की गई है। थाना मोतीनगर में उक्त अपराधियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। थाना मोतीनगर में धारा 307 भादवि के अपराध में घटना से फरार आरोपियो राजा पिता परमानंद कोरी, सौरभ पिता स्व. परमानंद कोरी को मात्र 5 घण्टो में घटना में प्रयुक्त क्रमशः पिस्टल एवं कट्टे के साथ गिरफ्तार किया गया हैं। जहां उक्त दोनों अपराधो के उक्त सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के द्वारा उक्त सभी आरोपियों को केन्द्रीय जेल सागर भेजा गया है। सभी उक्त गिरफ्तार शुदा आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक एस चौधरी थाना प्रभारी मोतीनगर, शशिकांत गुर्जर, लखन डाबर, ललित बेदी, सोहन मरावी, जानकी रमण मिश्रा, नदीम खान, दीपक यादव, सत्येन्द्र सिंह, सुनील लोधी और चालक मुकेश कुमार शामिल रहे।

## हाईस्कूल के प्राचार्य कोकिया निलंबित

**बण्डा, देशबन्धु।** लोक शिक्षण विभाग के आयुक्त अनुभा श्रीवास्तव ने दलपतपुर के प्राचार्य को निलंबित किया। ज्ञातव्य रहे 17 अक्टूबर 2021 दिन शुक्रवार की दोपहर आवेदक राघवेंद्र प्रसाद तिवारी ने सकल लोकायुक्त टीम के लिए संकुल प्राचार्य बबलेंद्र जैन एवं राजेश कुमार राय की पैसे मांगने की शिकायत की थी इसके बाद लोकायुक्त एसपी ने लोकायुक्त टीआई बीएम द्विवेदी के नेतृत्व में टीम गठित कर दलपतपुर स्कूल पहुंचकर छापामार कार्यवाही की। कार्यालय पुलिस अधीक्षक विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त संगठन सागर संभाग द्वारा विशेष न्यायालय सागर में आरोपियों के विरुद्ध चालान अभियुक्त पत्र प्रस्तुत किया गया। मप्र सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील नियम 1966 के नियम.9 के तहत बबलेंद्र कुमार जैन प्राचार्य शास. उच्च. माध्य. विद्यालय दलपतपुर को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए मुख्यालय कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला सागर नियत किया गया। निलंबित प्राचार्य बबलेंद्र जैन बण्डा के शासकीय हाईस्कूल कंदवा के प्राचार्य थे। निलबंन अवधि में बबलेन्द जैन को नियमनुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

### विधानसभा निर्वाचन में नाम निर्देशन आज से

## कलेक्टर कार्यालय और एसडीएम कार्यालय में जमा होंगे नामांकन पत्र

**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए नाम निर्देशन पत्र जमा करने की प्रक्रिया आज शनिवार 21 अक्टूबर से प्रारंभ होगी।

कलेक्टर कार्यालय सहित समस्त अनु विभागीय अधिकारी कार्यालय को रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय बनाया गया है, जहां भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक नाम निर्देशन पत्र जमा करने की कार्यवाही होगी।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने बताया कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई गई है, जिसमें आदर्श आचार संहिता का शत प्रतिशत पालन कराते हुए नाम निर्देशन पत्र जमा करायें जाएंगे। नाम निर्देशन पत्र जमा करने के लिए अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय एसडीएम को रिटर्निंग अधिकारी बनाया गया है। जहां नाम निर्देशन पत्र जमा होंगे। 35. बीना अनुसूचित जाति विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए बीना एसडीएम कार्यालय, 36. खुरई विधानसभा क्षेत्र के नाम निर्देशन पत्र खुरई एसडीएम कार्यालय, 37. सुरखी के नाम निर्देशन पत्र एसडीएम कार्यालय राहतगढ़, 38. देवरी विधानसभा क्षेत्र के एसडीएम कार्यालय देवरी, 39. रहली विधानसभा क्षेत्र के एसडीएम कार्यालय रहली, 40. नरयावली अनुसूचित जाति विधानसभा क्षेत्र के एसडीएम कार्यालय सागर, 41. सागर विधानसभा क्षेत्र के लिए कलेक्टर कार्यालय के भूतल पर बनाए गए रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय के समक्ष नामांकन पत्र जमा किए जाएंगे। 42. बंडा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए एसडीएम कार्यालय बंडा में नाम निर्देशन पत्र जमा किए जाएंगे। नाम निर्देशन की प्रक्रिया 21 से 30 अक्टूबर तक चलेगी, जिसमें 22 अक्टूबर, 24 अक्टूबर, 28 अक्टूबर एवं 29 अक्टूबर को अवकाश होने के कारण नाम निर्देशन पत्र जमा नहीं होंगे। आवेदन पत्रों की सर्वीक्षा 31 अक्टूबर को की जाएगी, जबकि नाम वापसी की अंतिम तारीख 2 नवंबर होगी।

## मतदाता जागरूकता के लिए किया मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में जिला स्तरीय मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन जिला स्वीप नोडल अधिकारी पीसी शर्मा के मुख्य अतिथ्य तथा डॉ. संजीव दुबे की अध्यक्षता में किया गया। पीसी शर्मा ने कहा कि इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य प्रतियोगिता करना नहीं है बल्कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाता जागरूकता का प्रचार प्रसार करना है। मेंहदी प्रतियोगिता में निर्वाचन के अनेक प्रकारों का चित्रांकन किया है, जो महत्वपूर्ण हैं। जिला स्वीप समन्वयक डॉ. अमर कुमार जैन ने संपूर्ण प्रतियोगिता का संचालन एवं समन्वय किया। प्रतियोगिता में शासकीय कन्या महाविद्यालय की छात्रा सोनाली अहिरवार एवं दीपिका कुशवाहा ने दिव्यांग मतदाता को बनाकर प्रथम, शासकीय कन्या महावि सागर की छात्रा आयुषि विश्वकर्मा ने मतदान संबंधी नारे के लिए प्रथम व रिया विश्वकर्मा को द्वितीय तथा शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की छात्रा निहारिका राज एवं पूनम अहिरवार ने ईव्हीएम मशीन बनाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता की निर्णायक डॉ. मधु स्थापक व डॉ. गोपा जैन रहीं। कार्यक्रम का आभार डॉ. संगीता मुखर्जी ने माना।

## भगवान की कथा सभी की व्यथा दूर करेगी: यशोदानंदन दास महाराज



**सागर, देशबन्धु।** सांसारिक भोगों के कारण लोग भगवान से दूर होते जा रहे है। दुख होने पर लोग भगवान को याद करतें है अगर हर समय ईश्वर का भजन, कीर्तन करते रहो तो दुःख क्यों आयेगे। भगवान की कथा सभी की व्यथा दूर करेगी। पं. यशोदानंदन दास द्वारा सिविल लाइन में चल रही सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के पांचवे दिवस कथा व्यास ने गोवर्धन कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान ने किसी भी देवता का अभिमान रहने नहीं दिया, इंद्र का अभिमान नहीं रहने दिया, भगवान ने गिरिराज गोवर्धन की पूजा करा दी इंद्र ने अपने सेवक से पूछा प्रतिवर्ष दिवाली के बाद हमारी पूजा होती थी वह बंद क्यों हो गई। ग्वाल कृष्ण की बातों में आकर के मुझ देवताओं के राजा इंद्र का अपमान किया, इसका फल भोगना पड़ेगा। मेघों को बुलाकर आदेश दिया ब्रज में प्रलय ला दो। अतिवृष्टि से सब ब्रजवासी परेशान हो गए। सभी ग्वाल गोविंद की शरण में आए। कन्हैया ने गोवर्धन को सात वर्ष की अवस्था में सात दिन और सात रात तक एक उंगली पर धारण करके रखा। गिरी को धारण करने से प्रभु का गिरधारी हो गया। सात कोस की गोवर्धन परिक्रमा कर के जीवन को सफल बनाया जा सकता है। कृष्ण के चार स्वरुप कलयुग में प्रत्यक्ष बताए गए है, जीव स्वरुप में गौ माता, द्रव रुप में यमुना जी, शब्द रुप में श्रीमद भागवत कथा और स्थूल के रुप गिरीराज भगवान हैं। कृष्ण की बाल लीलाओं की कथा ने भक्तों को भावविभोर कर दिया, उशल लीला, माखन लीला, वृंदावन की महिमा, पूतना उद्धार, बकाशुर उद्धार, कालिया नाग को रमण द्वीप भेजा, चीर हरण कथा सुनाई।

## कर्त्तव्यबोध की मानसिकता के माध्यम से ही राष्ट्रनिर्माण संभव है. प्रो: बलदेवभाई शर्मा



**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर विवि में अमृत काल विमर्श विकसित भारत 2047 के तहत विश्वविद्यालय के अभिमंच सभागार में संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि कुशाभाऊ ठाकरे राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं जनसंचार विवि रायपुर छत्तीसगढ़ के कुलपति प्रो. बलदेवभाई शर्मा थे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने की। स्वागत भाषण के साथ आयोजन की रूपरेखा प्रो. दिवाकर सिंह सिंह राजपूत ने प्रस्तुत की। मुख्य वक्तव्य देते हुए प्रो. बलदेवभाई शर्मा ने कहा कि वे डॉ. गौर द्वारा स्थापित इस विश्वविद्यालय में आकर अभिभूत हैं और परिसर की सात्विक भव्यता से आनंदित हैं। इसका श्रेय उन्होंने कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता को दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने, नौकरी हासिल करने, अच्छा पैकेज प्राप्त करने का साधन नहीं है बल्कि शिक्षा इससे अधिक मूल्यवान है क्योंकि इसके जरिये राष्ट्रनिर्मान की आधारशिला रखी जाती है। आज जिस भारत को विकसित करने की संकल्पना पर मंथन हो रहा है उसकी संकल्पना चाणक्य ने बहुत पहले ही कर ली थी। आज चरित्र निर्माण की शिक्षा की जरूरत है क्योंकि चारित्र्य से ही स्वराज्य बनेगा। हमारे हर कार्य, विचार एवं व्यवहार में देशभक्ति झलकनी चाहिए। शिक्षा के माध्यम से इसे हृदयंगम करने का अवसर है। यही विश्वविद्यालयों की सबसे बड़ी भूमिका है। हमें पढ़ने की आदत डालनी चाहिए। पुस्तक संस्कृति के प्रति विद्यार्थी लगाव पैदा करें। अपने आस पास के परिवेश, समाज, बुजुर्गों और अनुभवी लोगों के सान्निध्य में रहकर चीजों को सीखें। शिक्षा के माध्यम से हम अपने अधिकार के पहले अपने कर्तव्य को भी समझें। कर्त्तव्यबोध की मानसिकता के माध्यम से ही राष्ट्रनिर्माण संभव है। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने कहा कि प्राचीन काल में जब हमारे देश में उच्च शिक्षा संस्थानों की कमी थी तब हमें बहुत सी चीजों की शिक्षा के लिए दूसरे देशों में जाना पड़ता था। आज हमारे देश में प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा एवं शोध तक के सरकारी संस्थान ही नहीं बल्कि कई निजी संस्थान भी हैं। हमें आज के समय में यह सोचना है कि हमारी आज की शिक्षा कैसी हो। यदि हम आज नहीं सोचेंगे तो अपने भविष्य को गढ़ने, रचने में हमें कठिनाई होगी। क्योंकि आज जो करेंगे, सोचेंगे वैसा ही भविष्य का भारत हमें देखने को मिलेगा। वर्ष 2047 में डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय भी अपनी स्थापना के सौ वर्ष पूर्ण कर चुका होगा। ऐसे में एक उच्च शिक्षण संस्थान होने के नाते हमारी भूमिका काफी महत्त्वपूर्ण हो जाती है। भारत में प्रतिभाओं की कोई नहीं है। भारतीय छात्रों को चाहिए की वे अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए विदेशों में जाएं लेकिन राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को याद रखते हुए वापस आकर भारत देश की सेवा में अपना योगदान दें। विकसित भारत बनाने में उनकी भूमिका महत्तवपूर्ण होगी। व्याख्यान के बाद प्रश्नोत्तरी सत्र भी हुआ जिसमें शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने प्रश्न पूछे जिसका विस्तारपूर्वक उत्तर मंचासीन अतिथियों ने दिया। उन्नत भारत अभियान के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किये गए। ईएमआरसी सागर द्वारा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ललित मोहन ने किया। आभार प्रो. दिवाकर राजपूत ने ज्ञापित किया। अतिथि परिचय डॉ. पंकज तिवारी ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. रंजन प्रधान, प्रो. चंदा बेन, प्रो. एपी मिश्रा, प्रो. डीके नेमा, एनसीसी अधिकारी कर्नल पॉल, डॉ. आशुतोष, डॉ. गौतम प्रसाद, मीडिया अधिकारी डॉ. विवेक जायसवाल सभी विभागों के शिक्षक सहित विद्यार्थी उपस्थित रहें।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादकः **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादकः **ज़ाकिर अली*** प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।